


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 44 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 27 नवंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# पीएमओ को ईमेल कर प्रधानमंत्री को जान से मारने की धमकी

## एटीएस ने एक युवक को उठाया, तीन लोगों में एक लड़की भी शामिल

**दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद की एटीएस ने शनिवार रात बदायूं जिले में दबिश दी और शहर के आदर्श नगर मोहल्ला निवासी एक युवक को उठा लिया। बताया जा रहा है कि उसने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में मेल करके प्रधानमंत्री को जान से मारने की धमकी दी थी। फिलहाल उसे एसएसपी आवास पर रखकर पूछताछ की जा रही है।

गुजरात के अहमदाबाद की दो सदस्यीय एटीएस शनिवार रात दिल्ली होते हुए बदायूं पहुंची। इसमें शामिल इंस्पेक्टर बीएन बघेला ने एक सब इंस्पेक्टर के साथ सिविल लाइंस थाने में आमद दर्ज कराई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एटीएस ने स्थानीय पुलिस के साथ रात करीब दस बजे आदर्श नगर मोहल्ले में दबिश दी और अमन सक्सेना नाम के युवक को उठा लिया। बताया जा रहा है कि अमन अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है। परिवार वालों ने चाल-चलन देखकर उसको पहले ही बेदखल कर दिया था, लेकिन वह रात को घर पहुंच जाता था, जिसके कारण वह पकड़ा गया।



उस वक्त एटीएस युवक को सिविल लाइंस थाने ले गई, जहां उससे करीब एक घंटे तक पूछताछ की गई। बताया जा रहा है कि उसने प्रधानमंत्री कार्यालय में ई-मेल करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी दी थी। इसमें तीन लोग शामिल बताए जा रहे हैं, जिनमें गुजरात की एक लड़की और दिल्ली का एक लड़का भी शामिल है। सिविल लाइंस थाने पर मीडिया कर्मियों को जुटते देखकर एटीएस युवक को एसएसपी आवास ले गई। अब वहीं उससे पूछताछ की जा रही है। इंस्पेक्टर सहंसरवीर सिंह ने बताया कि गुजरात से एटीएस आई है। वह अपनी गोपनीय पूछताछ कर रही है।

### एक दिन पहले देखे गए सीसीटीवी कैमरे

स्थानीय लोगों के मुताबिक शुक्रवार को दो लोग सादा कपड़ों में आए थे। उन्होंने मोहल्ले में कहां-कहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, इस संबंध में लोगों से पूछताछ की थी। वह कौन लोग थे। इसका पता नहीं चला है। आशंका है कि वह एटीएस की ओर से भेजे गए पुलिसकर्मी थे।

## खास खबर...

### देरी से चल रहीं 243 परियोजनाएं, समय से प्रोजेक्ट पूरा कर पाने में पिछड़ा सड़क परिवहन विभाग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तय समय सीमा से प्रोजेक्ट पूरा कर पाने में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग पिछड़ गया है। विभाग की 243 परियोजनाएं काफी देरी से चल रही हैं। इसके बाद दूसरा स्थान 114 परियोजनाओं के साथ रेलवे और तीसरा नंबर 89 परियोजनाओं के साथ पेट्रोलियम क्षेत्र का स्थान है। एक सरकारी रिपोर्ट में कहा गया है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग से संबंधित 826 में से 243 परियोजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। वहीं, रेलवे की 173 परियोजनाओं में114 और पेट्रोलियम क्षेत्र की 142 में 89 परियोजाएं देरी से चल रही हैं।

दरअसल, यह रिपोर्ट अवसंरचना और परियोजना निगरानी प्रभाग (आईपीएमडी) की ओर से यह रिपोर्ट जारी की गई है। यह प्रभाग केंद्र की 150 करोड़ या इससे अधिक लागत की परियोजनाओं की निगरानी करता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुनीराबाद-महबूबनगर रेल परियोजना सबसे ज्यादा लंबित परियोजना है। यह परियोजना तय समय से 276 महीने पीछे चल रही है। इसके अलावा उधमपुर-श्रीनगर बारामूला रेल परियोजना 247 महीने पीछे चल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, कुल 642 परियोजनाएं अपनी मूल समयसीमा से पीछे हैं।

### अवैध संबंधों के शक में युवक की हत्या, चार दिन पहले मिला था खेत में शव, आरोपी गिरफ्तार

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में अवैध संबंधों के शक में युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्यारों ने काम से लौट रहे युवक का रास्ता रोका और गमछे से गला घोंटकर मार दिया। हत्या के बाद शव को खेत में फेंक कर चले गए। दूसरे दिन सुबह गांववालों से शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। पीएम रिपोर्ट मिलने पर हत्या की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 302, 34 के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। घटना बलोद के राजहरा थाना का है।

राजहरा थाना प्रभारी वीणा यादव ने बताया कि 23 नवंबर को ग्राम पथराटोला निवासी दीपक भूआर्य के खेत में एक शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और मर्ग कायम कर पीएम के लिए भेज दिया गया। युवक की पहचान ग्राम रजही निवारी कामता प्रसाद के रूप में हुई। मर्ग जांच और पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद पता चला कि कामता की गला घोंटकर हत्या की गई है। उसके शरीर पर चोट के निशान भी मिले। इसके बाद इस मामले में धारा 302 कायम कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कामता प्रसाद का गांव के ही बालक राम बांका से पुरानी रंजिश थी। शक के आधार पर पुलिस ने बालक राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सारा सच उगल दिया। आरोपी बालक दास ने बताया कि उसने अपने साथी रूमन लाल भुआर्य के साथ मिलकर कामता प्रसाद की खेत में ले जाकर हत्या कर दी थी।

# भारत जोड़ो यात्रा : राहुल संग छत्तीसगढ़ के सीएम बघेल व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने की पदयात्रा



### खरगोन जिले के उमरिया चौकी से इंदौर के बलवाड़ा तक राहुल गांधी के साथ चले दोनों दिग्गज

**इंदौर (एजेंसी)।** कांग्रेस व राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शनिवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव साथ में दिखे। दोनों दिग्गज नेता खरगोन जिले के उमरिया चौकी से इंदौर के बलवाड़ा तक राहुल गांधी के साथ-साथ चले। देर शाम महू में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्म स्थली पर छत्तीसगढ़ से लाई गई मिट्टी से व पानी से पौध रोपण किया गया।

बता दें छत्तीसगढ़ के अतिथि पदयात्रियों के लिए शनिवार-रविवार का समय तय हुआ था। इसके लिए कांग्रेस नेताओं के जत्थे अलग-अलग समय पर शुक्रवार को ही मध्य प्रदेश पहुंच गये थे। छत्तीसगढ़ के अधिकतर नेता खंडवा के ओंकारेश्वर पहुंचे। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सुबह करीब 6 बजे खंडवा जिले के मोरटक्का से शुरू हुई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित प्रदेश कांग्रेस के तमाम नेता राहुल गांधी के साथ थोड़ी-थोड़ी देर तक चलते रहे। लंचब्रेक के बाद पदयात्री खरगोन के बड़वाह होते हुए खरगोन जिले के मनिहार पहुंच गये। साढ़े 3 बजे यात्रा उमरिया चौकी से शुरू होकर बलवाड़ा के लिए निकली। यहां पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी पदयात्रा में शामिल हो गए।

### महू में हुई जनसभा

महू पहुंचने के बाद राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं ने अम्बेडकर स्मारक पर नमन किया और इससे बाद सभा को संबोधित किया। उनके साथ मंच पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश आदि मौजूद थे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कार्यकर्ताओं को संविधान की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल महू की जनसभा के बाद इंदौर होकर गुजरात के भावनगर रवाना हो गए। वे रात को भावनगर में रुके। गुजरात चुनाव में वे यहां जनसभा को संबोधित करेंगे।

### बढ़ सकती है बिजली की दरें, याचिका के लिए यूपीसीएल ने मांगी एक माह की मोहलत

**देहरादून (एजेंसी)।** प्रदेश में बिजली की दरों में बढ़ोतरी हो सकती है। इसका प्रस्ताव तैयार करने के लिए यूपीसीएल ने नियामक आयोग से एक माह का समय मांगा है। वहीं, पिटकुल ने अपना प्रस्ताव तैयार कर लिया है और यूजेवीएनएल का प्रस्ताव जल्द ही निदेशक मंडल की बैठक में रखा जाएगा।

प्रदेश के तीनों ऊर्जा निगमों (यूपीसीएल, पिटकुल, यूजेवीएनएल) को अपनी कमाई और संभावित खर्चों के मद्देनजर हर साल 30 नवंबर तक उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग में अपनी याचिका दायर करनी होती है। इसमें वह बताते हैं कि भविष्य में उन पर कितना आर्थिक बोझ बढ़ने वाला है, जिसकी भरपाई के लिए दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया जाता है। इस साल यूपीसीएल अभी अपना प्रस्ताव तैयार करने में जुटा है।

# दो साल बाद शामिल होगा विदेशी मेहमान, मिस्र के राष्ट्रपति होंगे गणतंत्र दिवस पर चीफ गेस्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस बार के गणतंत्र दिवस समारोह में मिस्र के राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से बताया गया कि गणतंत्र दिवस 2023 पर मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्तह अल सीसी विदेशी मेहमान होंगे।



बता दें, दोनों देशों ने इसी साल राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाई है। पिछले महीने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिस्र यात्रा के दौरान राष्ट्रपति अल-सिसी से मुलाकात की थी।

इससे पहले, 2021 में ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया गया था। हालांकि, तब ब्रिटेन में कोरोना महामारी ने तबाही मचाई थी और आखिर में जॉनसन ने भारत आने में असमर्थता जताई थी। बता दें, कोरोनावायरस महामारी के चलते लगातार दो साल तक गणतंत्र दिवस पर किसी विदेशी नेता को मुख्य अतिथि नहीं बनाया गया था।



# शांति नगर हनुमान मंदिर के पुजारी के घर लाखों की चोरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शांति नगर दशहरा मैदान के पास स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी घर से लाखों की चोरी हो गई। यहां के पुजारी कुंज बिहारी अपने परिवार के साथ शादी में गए थे। सुबह जब घर लौटे तो ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर अलमारी से सोने चांदी के जेवर गायब थे। घटना 25-26 दरमियानी रात की है। पुजारी कुंज बिहारी की शिकायत पर वैशाली नगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि पुजारी कुंज बिहारी अपने परिवार के साथ 25 नवंबर की रात को सेक्टर 6 परिचित की शादी में गए थे। शनिवार सुबह वापस लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली हुई थी और उसमें रखे सोने चांदी के जेवर पार हो गए। चोर अलमारी में लगभग दस लाख के सोने एवं चांदी के आभूषण व 50,000 (पचास) हजार नगदी चुरा ले गए।

### शादी में गया था परिवार सुबह लौटे तो टूटा था घर का ताला

वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि चोरी गए सामान में दो तोला सोने का हार, सोने की अंगूठी, पानचाली हार, झुमका, फुल का टाप्स, मंगलसूत्र, सोने का चूडी सेट, नथ बिंदिया, सोने की मूर्तिया, 4 जोडी पायल, 500 ग्राम चांदी की करधनी, 50 चांदी के सिक्का, 20 चांदी की चूडी, माता जी की नथिया सोने की, माता जी की पायल 1 जोडी, सोने की लाकेट, सोने की गुरिया, बिछिया चांदी की 3 जोडी, चांदी के चाभी छल्ला और 50000 नगदी शामिल है।

# झारा कहे सुई से, तेरे पेंदे में छेद

श्रीकंचनपथ




यह कहावत तो आप सभी ने सुनी होगी. यह कहावत थोड़ी पुरानी है पर है बड़े काम की. वैसे आधुनिक दौर मोटिवेशनल स्पीकर्स का है. अब यह कहा जाता है कि जब आप एक उंगली दूसरे की ओर करते हो तीन उंगलियां आपकी तरफहो जाती हैं. कान को चाहे जिधर से घुमा कर पकड़ो, बात वही है. छत्तीसगढ़ में भाजपा चार साल सत्ता से दूर क्या रही, उसका मानसिक संतुलन की गड़बड़ा गया है. अब तक उछाले गए सारे मुद्दे मुंह के बाल धड़ाम हो गये. लिहाजा अब एक नया मुद्द और ढूंढ लाए हैं. बिजली बिल हाफ करने के वायदे का. वैसे भाजपा कहती रही है कि जनता को मुफ्तखोरी की आदत नहीं लगानी चाहिए. इससे मानव संसाधन की क्वालिटी खराब होती है. हम भी इससे सहमत हैं. जब लोगों को मुफ्त की चीजें मिलने लगती हैं तो वह काहिल हो जाती है. वैसे भी हमारी तो आदत है प्रेशर में काम करने की. जब अंग्रेज सोंटा मारते थे तो हम वक्त के पाबंद थे. अंग्रेज क्या गए, एक पीढ़ी बीतते बीतते हममें सुर्खाब के पर लग गए. आईएसटी या भारतीय मानक समय की हमने नई परिभाषा गढ़ ली. हर जगह आधा एक घंटा लेट पहुंचने लगे. सात घंटे की नौकरी में तीन घंटे आराम करने लगे. पर जब मुसीबत सिर पर आती है तो यही जमात सोलह के अठारह घंटे काम कर लेती है. बहरहाल, यहां बात हो रही थी बिजली बिल की. बिजली बिल हाफ क्यों होना चाहिए? यह एक गलत परम्परा है. इससे बिजली की फिजूलखर्ची बढ़ी है. भाजपा इसके खिलाफ रही है. पर अब कांग्रेस को घेरना है, इसलिए नित नए मुद्दे तलाशे जा रहे हैं. वैसे उनकी जानकारी के लिए बता दें कि 400 यूनिट तक के बिजली बिल में अच्छी खासी सब्सिडी है. बिजली बिल का गणित समझने की विशेषज्ञता तो हममें नहीं है पर इतना जरूर जानते हैं कि प्रत्येक बिजली बिल में अब तक हुआ लाभ अंकित रहता है. जिनका बिल हजार-बारह सौ का आता था, उनका बिल अब पांच-छह सौ का आता है. बचत की यह राशि हजारों में है. वैसे नब्बे फीसदी लोग बिजली बिल को गौर से नहीं पढ़ते. उन्हें पता भी नहीं है कि उनका बिजली बिल क्यों कम आ रहा है. कांग्रेस को इस बात के लिए भाजपा का शुक्रगुजार होना चाहिए कि बिजली बिल की तरफ वह लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है. पचास फीसदी लोगों ने भी अगर बिजली बिल पढ़ लिया तो वे भूपेश बघेल सरकार के फैन हो जाएंगे. वैसे भाजपा को काडर बेस्ड पार्टी कहा जाता है. यहां हर किसी को मुंह खोलने की इजाजत नहीं होती. पर अब पार्टी में दूसरी विचारधारा के इतने लोग आ चुके हैं कि उसका हाल भी पुरानी कांग्रेस की तरह हो गया है. हर कोई अखबार में छा जाना चाहता है. ऐसे में दिक्कत तो आनी ही है.



## संपादकीय

### ना जवाबदेही, ना कार्रवाई!

क्या कैदियों की इन स्थितियों में फर्क के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि तमाम सत्ताधारियों में अपने यानी राजनीतिक वर्ग के व्यक्तियों मामले में एक तरह की सहमति होती है?

दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को जेल में मिल रही सुविधाओं के वीडियो ने एक बार इस देश में खास और आम लोगों की हैसियत में फर्क का अहसास कराया है। हैरतअंगेज यह है कि इन वीडियो के चर्चित होने के बावजूद ना तो उन सुविधाओं को रुकवाने की कोई पहल हुई है, ना ही इन सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के मामले में जवाबदेही तय हुई है। भारतीय जनता पार्टी ने जेल में फल और सलाद खाते हुए कथित फुटेज जारी किया है। इससे पहले वह जैन की मसाज का वीडियो भी जारी कर चुकी है। उसका आरोप लगाया है कि जैन जेल में रहते हुए वीआईपी सुविधा पा रहे हैं। लेकिन क्या केंद्र में सत्ताधारी पार्टी की जिम्मेदारी यहीं खत्म हो जाती है? दिल्ली प्रशासन उप-राज्यपाल की प्रमुख भूमिका है। आम तौर पर उप-राज्यपाल और अरविंद केजरीवाल सरकार एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा संभाले दिखते हैं। लेकिन इस मामले में उप-राज्यपाल या उनके माध्यम से केंद्र सरकार का कोई पहल ना करना आश्चर्यजनक है। जहां तक केजरीवाल सरकार और आम आदमी पार्टी का संबंध है, तो ये भ्रम अब किसी को नहीं बचा है कि उनका सचमुच आम आदमी से कोई जुड़ाव है। वैसे में वे भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए अपने नेता को नियमों की अनदेखी कर जेल में सुख-सुविधाएं मुहैया करवा रहे हों, तो उसमें किसी को हैरत नहीं होगी। जैन पिछले पांच महीनों से मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं। मीडिया में तिहाड़ के सूत्रों के हवाले से दी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि जैन तिहाड़ की जेल नंबर-7 की एक सेल में अकेले बंद हैं। उन्हें दिए गए अतिरिक्त तकिए, कुर्सी और अन्य कैदियों से मिलने पर रोक लगा दी गई है। जबकि जारी वीडियो से कुछ अलग कहानी सामने आई है। अब जैन को मिल रही कथित सुविधाओं की आम कैदियों के हाल से तुलना कीजिए। या भीमा कोरेगांव मामले में जेल गए दिवंगत फादर स्टेन स्वामी या अन्य व्यक्तियों की मिसालों पर ध्यान दीजिए। क्या इन स्थितियों में फर्क के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि तमाम सत्ताधारियों में अपने यानी राजनीतिक वर्ग के व्यक्तियों मामले में एक तरह की सहमति होती है?

> “ आम तौर पर उप-राज्यपाल और अरविंद केजरीवाल सरकार एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा संभाले दिखते हैं। लेकिन इस मामले में उप-राज्यपाल या उनके माध्यम से केंद्र सरकार का कोई पहल ना करना आश्चर्यजनक है। जहां तक केजरीवाल सरकार और आम आदमी पार्टी का संबंध है, तो ये भ्रम अब किसी को नहीं बचा है कि उनका सचमुच आम आदमी से कोई जुड़ाव है। वैसे में वे भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए अपने नेता को नियमों की अनदेखी कर जेल में सुख-सुविधाएं मुहैया करवा रहे हों, तो उसमें किसी को हैरत नहीं होगी।

> “ हमारे समूचे राजनीतिक वर्ग में पिछले कुछ सालों से अतीत के पन्नों की चिंदियां बनाने की प्रवृत्ति घर करती चली गई है। ‘आधी हकीकत, आधा फसाना’ के इस सियासी खेल ने भारत की विचार सत्ता को झकझोर कर रख दिया है। हिन्दुस्तानी राजनेता इतिहास के काले दलदल में धंसने के बजाय 14 और 15 अगस्त, 1947 के प्रभातों से कुछ रोशनी क्यों नहीं हासिल करते?

# भारत जोड़ो यात्रा के बीच सावरकर राग



शशि शेखर



राहुल गांधी ने ‘भारत जोड़ो यात्रा’ के बीच ‘सावरकर राग’ छेड़कर क्या साबित करने की कोशिश की? क्या यह पार्टी और अपनी छवि को वैचारिक आधार प्रदान करने के लिए उठाया गया एक सुविचारित फैसला था?

जिस महाराष्ट्र की धरती पर उन्होंने यह बयान दिया, वहां एक वर्ग विशेष के बीच विनायक दामोदर सावरकर का नाम काफी सम्मान के साथ लिया जाता है। कल तक जिस शिव सेना के साथ कांग्रेस सरकार में थी, वह खुद को ‘वीर सावरकर’ के पदचिह्नों का यात्री बताती है। यही वजह है कि उद्धव ठाकरे के करीबी संजय राउत ने तत्काल इस पर गंभीर आपत्ति जताई। इसके बाद से कांग्रेस की राज्य इकाई को ‘महाविकास अघाड़ी’ बचाने और अपनी साख बनाए रखने के लिए काफी एहतियात बरतना पड़ रहा है। राहुल गांधी के प्रशंसक कह सकते हैं कि भले ही महाराष्ट्र में इस समय फौरी प्रतिक्रिया दिखाई पड़ रही है, मगर इससे कांग्रेस की पुरानी छवि मजबूत हुई है। शेष भारत में भी इसका सकारात्मक संदेश जा सकता है। सवाल उठता है, सावरकर का महाराष्ट्र के बाहर कोई बड़ा सियासी असर नहीं है, तो उनके नाम से जुड़े विवाद भला क्या लाभ दिलाएंगे?

लाभ-हानि का कल्पना-लोक अपनी जगह है, पर इससे विपक्ष के राजनीतिक तीरंदाजों को शाब्दिक अग्निबाण छोड़ने का मौका जरूर मिल गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा ने राहुल की तुलना सद्दाम हुसैन से कर डाली, तो जवाब में कांग्रेस की अलका लांबा को ‘कुत्ते’ याद आने लगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने बाद में यह कहकर इस विवाद पर परदा डालने की कोशिश की कि ‘सावरकर प्रकरण अब खत्म हो गया है। मैं बस यही दोहराना चाहूंगा कि जिस दिन भाजपा और आरएसएस के लोग हमारे नेताओं के बारे में झूठ बोलना छोड़ देंगे, उसी दिन से हम उनके नेताओं के बारे में सच कहना बंद कर देंगे!

बंदूक से निकली गोली और जुबां से फिसली बोली किसी तर्क से भला कहां लौटती है?

राहुल गांधी चाहते, तो इस मुद्दे को दरकिनार कर सकते थे। वह सौवें दिन की ओर सरकती इस लंबी यात्रा में सकारात्मक और संयमित नजर आए हैं। मोरबी हादसे के समय उनकी टिप्पणी इसका उदाहरण है। उस वक्त उन्होंने कहा था, ‘मैं इस हादसे का राजनीतिकरण नहीं चाहता। लोगों की जान गई है, और ऐसा करना उनका अपमान होगा। मैं इस पर राजनीति करना नहीं चाहता।’ हर रोज 22 किलोमीटर पैदल चलना, सैकड़ों लोगों से मिलना, हर शाम सार्वजनिक सभा को संबोधित करना आसान नहीं है। लगभग तीन महीने का वक्त वह इस अभियान को दे चुके हैं। इससे उनकी छवि बदली है, पर अभी उन्हें लंबा रास्ता तय करना है। ऐसे में, अचानक उनके संयम का बांध कैसे दरक गया?

बेहतर होगा कि वह इतिहास की परतें उधेड़ने के बजाय मौजूदा ज्वलंत समस्याओं पर बात करें।

इसके लिए उनके पास अनुभवों का नया खजाना मौजूद है। अब तक उन्होंने दक्षिण, पश्चिम और मध्य भारत का बड़ा हिस्सा नाप लिया है। इस दौरान उन्होंने सैकड़ों गांवों के हजारों लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया है। वह उन समस्याओं को नजदीक से देख पाए हैं, जिन्हें अब तक सिर्फ सुनते और पढ़ते आए थे। क्यों न वह अपने श्रोताओं से इन समस्याओं के साथ भविष्य का रोडमैप साझा करें? इससे आम आदमी को उनके नजरिये की सही जानकारी हो सकेगी और उनकी पार्टी को लाभ भी होगा।

यहां मैं सिर्फ राहुल गांधी या कांग्रेस की बात नहीं करना चाहता। हमारे समूचे राजनीतिक वर्ग में पिछले कुछ सालों से अतीत के पन्नों की चिंदियां बनाने की प्रवृत्ति घर करती चली गई है। ‘आधी हकीकत, आधा फसाना’ के इस सियासी खेल ने भारत की विचार-सत्ता को झकझोर कर रख दिया है। हिन्दुस्तानी राजनेता इतिहास के काले दलदल में धंसने के बजाय 14 और 15 अगस्त, 1947 के प्रभातों से कुछ रोशनी क्यों नहीं हासिल करते?

वे सुविधापूर्वक भूल जाते हैं कि हमारा सहोदर पाकिस्तान अपने जन्म के कुछ दिन बाद से ही मजहबपरस्ती, फिरकापरस्ती और नफरती उन्माद का शिकार हो गया था। इसके विपरीत भारत अपने अंतरविरोधों के बावजूद कुछ मुद्दों पर हमेशा एकमत रहा। पहले मंत्रिमंडल में नेहरू के साथी रहे आंबेडकर उनके खिलाफ मुखर रहते थे, पर दलितों और शोषितों के उत्थान के मामले में दोनों के बीच की वैचारिक खाई सियासी प्रतिरोध के मुकाबले काफी संकरी थी। आज पटेल और नेहरू को अलग करके देखा जाता है, पर सच है कि तमाम ऐसे ऐतिहासिक संदर्भ हैं, जो साबित करते हैं कि दोनों एक-दूसरे के पूरक थे। सरदार सरेआम नेहरू को अपना नेता कहते थे और नेहरू, सरदार पटेल की बातों, तर्कों और तथ्यों को नजरंदाज करने से बचते थे। देश की एकता और अखंडता के लिए दोनों के विचार समान थे।

इसी तरह, सुभाष चंद्र बोस और गांधी-नेहरू की जोड़ी के लिए कई बातें कही जाती हैं, पर तथ्य यह भी है कि कमला नेहरू जब जानलेवा तपेदिक का इलाज कराने भुवाली पहुंचीं, तो बोस हजारों किलोमीटर की दुरूह यात्रा कर वहां उनकी मिजाजपुर्सी के लिए पहुंचे थे। बकौल इतिहासकार मृदुला मुखर्जी, 23 जनवरी, 1946 को नेताजी की जयंती पर पंडित नेहरू ने दिल्ली की एक सार्वजनिक सभा में कहा था- ‘कुछ लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं सुभाष चंद्र बोस की अब प्रशंसा क्यों कर रहा हूं, जबकि भारत में रहते हुए मैंने उनका विरोध किया था? मैं इस बात का स्पष्ट उत्तर देना चाहता हूं। बोस और मैं 25 वर्षों तक आजादी के संघर्ष में सहयोगी रहे हैं। वह मुझसे दो-चार साल या शायद इससे कुछ अधिक छोटे थे। मैं उन्हें अपने छोटे भाई की तरह मानता था। यह एक खुला रहस्य है कि राजनीतिक प्रश्नों पर हमारे बीच कभी-कभी मतभेद हो जाया करते थे, लेकिन उनके स्वतंत्रता संग्राम के बहादुर सेनानी होने पर मुझे एक पल भी संदेह नहीं हुआ।’

यह हमारे उन महान पुरखों का पुण्य प्रताप है कि भारत में लोकतंत्र आज तक कायम है, जबकि पाकिस्तान चौतरफा दुर्दशा के हालात में छटपटा रहा है! वहां सेना ने समूचे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक ढांचे पर कब्जा कर लिया है। सेना और उससे जुड़े लोग माचिस की तीली से लेकर हथियार बनाने तक के कारखाने चलाते हैं। वही सबसे बड़े बिल्डर हैं और वही सबसे बड़े औद्योगिक निर्माता। राजनीति और राजनीतिज्ञों को तो उन्होंने 1958 से ही इशारों पर नचाना शुरू कर दिया था। यही वजह है कि परमाणु हथियारों से लैस पाकिस्तान आज समूची दुनिया के लिए खतरा बन गया है।

इसका वहां की सेना के चरित्र पर भी दुष्प्रभाव पड़ा है। पिछले हफ्ते तक पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष रहे जनरल कमर जावेद बाजवा की पुत्रवधू और परिवार के अन्य व्यक्तियों के ऊपर पद पर रहते हुए बेतहाशा संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज हुआ है। जिस देश का सर्वोच्च सैनिक भ्रष्टाचारी हो और कुछ वर्ष पहले तक प्रधानमंत्री रह चुका व्यक्ति सजायाफ्ता हो, उस मुल्क से आप क्या उम्मीद कर सकते हैं?

भारत इस बदहाली से अब तक सिर्फ इसलिए बच सका है, क्योंकि हमारे राजनीतिज्ञों ने बरसों-बरस मर्यादा के घूंघट को उलटने का दुस्साहस नहीं किया। उम्मीद है, सभी पार्टियों के खिवैया इस तथ्य पर गौर फरमाएंगे।

## भारत में हैं असीम संभावनाएं

अमेरिकी प्रशासन ने चीन के साथ उच्च गुणवत्ता वाले सेमीकंडक्टरचिप्स के आयात, निर्यात, वितरण सहित बौद्धिक संपदा के आदान-प्रदान पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इस कदम को अभी हाल के दिनों में अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनातनी का अमेरिकी प्रतिक्रिया समझा जा सकता है। वैसे तो, चीन अभी चिप का बड़ा उत्पादक नहीं बन पाया है, लेकिन दुनिया भर में निर्मित 35-40 प्रतिशत चिप को चीन ले जाकर ही असेम्बल किया जाता है। जाहिर है प्रतिबंध का उद्देश्य 5जी, रक्षा, आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स इत्यादि क्षेत्रों में चीन के प्रभाव को कम करना है।

प्रतिबंध के कारण जहां चीन बढ़िया गुणवत्ता वाले सेमीकंडक्टर के निर्माण से वंचित रहेगा वहीं हमारे देश भारत सहित कई देशों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। विशेषज्ञ वर्तमान समय के सेमीकंडक्टरचिप की तुलना 1970 के दशक के परमाणु तकनीक से कर रहे हैं। हालांकि तब भारत के परमाणु क्षेत्र में बढ़ते प्रयासों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों में चीन भागीदार बना था, लेकिन बदलते भू-राजनीतिक परिस्थितियों में आज प्रतिबंध चीन पर लगा है और भारत प्रमुख देशों के संगठन जी-20 का अध्यक्ष बनकर नियम तय करने वाली भूमिका में आ चुका है।

सेमीकंडक्टर चिप्स आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी युग के संवाहक है और एयरोस्पेस, ऑटोमोबाइल, संचार, स्वच्छ ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी एवम चिकित्सा उपकरणों सहित अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों के लिए आवश्यक बन चुके हैं। व्यक्तिगत, आर्थिक और व्यावसायिक गतिविधियों के बड़े हिस्से को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के क्रम में चिप-संचालित कंप्यूटर और स्मार्टफोन की उपयोगिता बढ़ती जा रही है। सेमीकंडक्टर सिलिकॉन या जर्मेनियम जैसे शुद्ध तत्वों अथवा गैलियम, आर्सेनाइड या कैडमियमसेलेनाइड जैसे यौगिक से बने होते हैं और सभी आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उत्पादों के संचालक के रूप में उपयोग में लाये जाते हैं।

वर्तमान में चिप की मांग आपूर्ति से कई गुना ज्यादा बढ़ गई है, और चिप की वैश्विक स्तर पर काफी कमी हो गई है, जिसके कारण कई देशों की सरकारों ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अरबों डॉलर के प्रोत्साहन, निवेश इत्यादि की घोषणा की है। जुलाई के अंत में अमेरिकी सीनेट ने 52 अरब डॉलर की उद्योग सब्सिडी के लिए एक विधेयक पारित किया। रॉयटर्स के खबर के मुताबिक, फ्रांस में, 5.7 अरब डॉलर के चिप व्यवसाय को पर्याप्त सरकारी समर्थन प्राप्त होने की उम्मीद है। प्रसिद्ध चिप निर्माता कंपनी इंटेल की अगले दशक में पूरे यूरोप में 80 अरब यूरो से अधिक निवेश की योजना है। भारत सरकार ने भी चिप के घरेलु निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहन की घोषणा की है। भारत सरकार ने, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन की स्थापना की है, जो डिजिटल इंडिया के अंतर्गत एक स्वतंत्र प्रभाग है और जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में भारत को एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। भारत में सेमीकंडक्टर का वर्तमान बाजार 24 अरब डॉलर का है, जो विशेषज्ञों के अनुसार वर्ष 2026 तक 80 अरब डॉलर के पार पहुंच जाएगा। वर्तमान में सेमीकंडक्टर की आवश्यक आपूर्ति शत-प्रतिशत आयात से हो रही है। गौरतलब है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कई चुनौतियां भी हैं।

# सिरपुर-ईको टूरिज़्म कोडार को मिल रही पहचान

सैलानियों का बढ़ रहा रुझान

आलेखरू शशिरत्न पाराशर



महासमुंद ज़िले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन काम कर रहा है। वही सरकार ने प्रदेश के अलग-अलग जिलों में प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में मोटल और रिसोर्ट और हॉटेल बनाए हैं। समय-समय पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सिरपुर को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय हेरिटेज के रूप में विकसित करने और ज्यादा पहचान दिलानें शासन-प्रशासन कटिबद्ध है। जो भी जरूरी कार्य है किए जा रहे है। लोकल टूरिज्म को बढ़ावा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल रहे है। इसी वर्ष पर्यटन और प्रकृति को बढ़ावा देने एवं जिले की पुरातात्विक एवं संस्कृति से रूबरू कराने के उद्देश्य से टूर डे सिरपुर (सायकल यात्रा) का भी आयोजन किया गया था। जिसे अच्छा प्रतिसाद मिला। सायकल यात्रा का उद्देश्य लोगों को यहां के पर्यटन और प्रकृति से रूबरू करना है।

इस यात्रा में राजधानी रायपुर और महासमुंद के जिला प्रशासन के आला अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। टूर डे सिरपुर का उद्देश्य जिले के प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए वेलनेस टूरिज्म, एग्रो टूरिज्म और फिल्म टूरिज्म को शामिल किया गया है। पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में निजी निवेश एवं ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन के क्षेत्र में यह आयोजन किया गया था।

इसके अलावा ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सिरपुर को विकसित करने के लिए विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के माध्यम से कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही पर्यटन की दृष्टि से सिरपुर के साईट को और अधिक विकसित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पर्यटन की दृष्टि से जाना जाता हैं। महासमुंद जिले में पहाड़, नदी, जलाशय एवं ऐतिहासिक और पुरातत्व महत्व के अनेक दर्शनीय स्थल है। जनता के अमूल सुझावों से जिले के पर्यटन स्थलों को और अधिक विकसित किया जा रहा है। सैलानियों के लिए रायकेरा तालाब में बोटिंग सैलानियों के लिए शुरू हो गयी है। वहीं ज़िले के सरायपाली स्थित शिशुपाल पर्वत ट्रैकिंग का नया प्वाइंट बना है। शनिवार और रविवार को यहां पर्यटकों की सबसे ज्यादा भीड़ होती है। इससे सैलानियों में यहां के पर्यटन के प्रति रूझान बढ़ने लगा है।

कोडार में बोटिंग सुविधा के साथ टेटिंग शुरू हुए अभी कुछ समय बीता है और यह लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस वन चेतना केंद्र कुहरी, इको पर्यटन कोडार जलाशय में विभिन्न विभागों के द्वारा सैलानियों के सुख-सुविधा के लिए अपने-अपने स्तर से विभिन्न सामग्रियां मुहैया कराई गयी है। कोडार जलाशय में नौका विहार के लिए बोटिंग की सुविधा सैलानियों को उपलब्ध है। वहीं कम दाम पर टेंटिंग में ठहरने के इंतजाम भी किए गए हैं। फिलहाल चार टेटिंग लगाए गए है। जिसमें एक टेंटिंग में दो व्यक्तियों के सोने और आराम करने के लिए पर्याप्त जगह है। टूरिस्ट और बच्चों के लिए क्रिकेट, वालीबाल, कैरम, शतरंज के साथ ही निशानेबाजी की सुविधा भी इस इको पर्यटन केंद्र में उपलब्ध है। कोडार जलाशय नेशनल हाईवे-53 से नजदीक होने के कारण आने-जाने वाले लोगों को यहां सुकून का अनुभव होता है। जलाशय में बोटिंग की सुविधा के साथ ही कम दाम में टेंटिंग मे ठहरने के इंतजाम भी किए गए है।

हालही में राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई के स्वयं सेवकों के सहभागिता से सिरपुर में विश्व धरोहर सप्ताह मनाया गया। जिसमें पुरूष और महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें छात्र-छात्राओं के अलावा सैकड़ों की संख्या में पर्यटक और सैलानियां उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की कार्यप्रणाली, कार्यशैली और पुरातत्व संबंधी जानकारी पर्यटकों को दी गई। पर्यटकों द्वारा नृत्य की सराहना, चित्रकला प्रदर्शन की भी तारीफ की गई। कलेक्टर क्षीरसागर ने इस मौके पर सैलानियों को जिले के पर्यटन क्षेत्र की जानकारी के साथ पर्यटन के लिए जिले में किए जा रहे कामों के बारे में बताया।

## प्रियंका का करिश्मा हिंदी पट्टी में

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मध्य प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं। गुरुवार को वे अपने पति और बच्चों के साथ राहुल गांधी की यात्रा में शामिल हुईं और बताया जा रहा है कि चार दिन तक वे भी पदयात्रा करेंगी। अब सवाल है कि आधी यात्रा बीत जाने के बाद क्यों प्रियंका को राहुल के साथ चलने के लिए उतारा गया? उनको दक्षिण भारत में जब यात्रा चल रही थी तब वहां क्यों नहीं भेजा गया था? आखिर सोनिया गांधी कर्नाटक में यात्रा में शामिल होने गई थीं और जिस तरह मध्य प्रदेश कांग्रेस के लिए अहम है वैसे ही कर्नाटक का भी महत्व है। यह चर्चा भी हुई थी कि प्रियंका भी मांड्या में यात्रा ज्वाइन करेंगी। लेकिन वे वहां नहीं गईं और मध्य प्रदेश में यात्रा में शामिल हुई हैं।

असल में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और यात्रा को संयोजन कर नेताओं को लग रहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा की पहचान हिंदी पट्टी में ज्यादा है। दक्षिण भारत में उन्होंने काम नहीं किया है, जबकि सोनिया और राहुल गांधी वहां ज्यादा सक्रिय रहे हैं। इस सोच के साथ प्रियंका को बचा कर रखा गया था। वे मध्य प्रदेश से यात्रा में शामिल हुई हैं, जहां अगले साल चुनाव होने वाला है। इसके बाद संभव है कि हर राज्य की यात्रा में वे थोड़ी देर के लिए शामिल हों। उत्तर प्रदेश में यात्रा बहुत थोड़े समय के लिए जानी है। इसके बावजूद वे वहां भी पदयात्रा कर सकती हैं। ध्यान रहे वे उत्तर प्रदेश की प्रभारी हैं। राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में हो सकता है कि यात्रा का उनका कार्यक्रम बने। परंतु गुजरात के विधानसभा चुनाव में वे प्रचार के लिए नहीं गई हैं और जाने का कार्यक्रम भी नहीं है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

महक सेनीटेशन


सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक प्रतियोगिता में जिले के 322 खिलाड़ी दिखाएंगे हुनर

श्रीकंचनपथ न्यूज

अम्बिकापुर । कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन व जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप के नेतृत्व में 24 नवम्बर से 26 नवम्बर 2022 तक पीजी कॉलेज मैदान में जिला स्तरीय छात्तीसगढिया ओलंपिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 2200 खिलाड़ियों ने 14 विधाओ में दमखम दिखाने के बाद करीब 322 का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिया के लिए हुआ है। प्रतियोगिता के अंतिम दिन जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राधा रवि, अपर कलेक्टर श्री एएल ध्रुव एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार रस्सा कस्सी पुरुष 18 वर्ष से कम उम्र में सीतापुर विजेता, महिला में उदयपुर विजेता, 18 से 40 वर्ष पुरुष वर्ग में विजेता अम्बिकापुर, महिला वर्ग में विनीत सीतापुर, 40 वर्ष से अधिक महिला वर्ग में विनीत सीतापुर, लंगड़ी दौड़ 18 वर्ष से कम बालक एवं बालिका का विजेता उदयपुर, 18 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला वर्ग में विजेता सीतापुर, कंचा बांटी 18 वर्ष से कम उम्र बालक विजेता उदयपुर, बालिका विजेता बतौली, 18 वर्ष से अधिक पुरुष विजेता सीतापुर एवं महिला वर्ग में विजेता अम्बिकापुर, सांखली में 18 वर्ष से कम उम्र बालक एवं बालिका विजेता उदयपुर, 18 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला विजेता उदयपुर, गिल्ली-डंडा में 18 वर्ष से कम बालक विजेता मैनपाट एवं बालिका विजेता उदयपुर, 18 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला विजेता सीतापुर, खो-खो 18 से कम उम्र बालक एवं बालिका विजेता लुण्ड्रा, 18 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला विजेता उदयपुर, भौंरा 18 से कम उम्र बालक एवं बालिका विजेता सीतापुर, 18 वर्ष से अधिक पुरुष विजेता अम्बिकापुर एवं महिला विजेता सीतापुर, फुगड़ी 18 से कम उम्र बालक विजेता अम्बिकापुर एवं महिला विजेता सीतापुर, 18 वर्ष से अधिक पुरुष विजेता उदयपुर, बिल्लस 18 वर्ष से कम बालक विजेता उदयपुर एवं महिला विजेता सीतापुर, 18 वर्ष से अधिक पुरुष विजेता उदयपुर, 40 वर्ष से अधिक विजेता सीतापुर, 100 मीटर दौड़ 18 वर्ष से कम बालक विजेता अम्बिकापुर एवं बालिका विजेता लखनपुर, 18 वर्ष से अधिक पुरुष विजेता लुण्ड्रा एवं महिला विजेता उदयपुर, लम्बीकूद 18 वर्ष से के उम्र बालक विजेता उदयपुर एवं बालिका विजेता सीतापुर, 18 वर्ष से अधिक पुरुष विजेता उदयपुर एवं महिला विजेता मैनपाट, गेड़ीदौड 18 वर्ष से कम विजेता उदयपर, 18 वर्ष से अधिक विजेता मैनपाट, पिट्ठुल 18 क्रश से कम उम्र बालक विजेता उदयपुर एवं बालिका विजेता सीतापुर, 18 वर्ष से अधिक पुरुष विजेता सीतापुर एवं महिला विजेता उदयपुर रहा अगले सप्ताह होने वाले संभाग स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में उपरोक्त पारंपरिक खेलों में संभाग के जिलों के प्रतिभागी हुनर दिखाएंगे।

### बीएसएफमुख्यालय रिसाली में जवानों ने मनाया संविधान दिवस

## राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने की ली शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। रिसाली स्थित महानिरीक्षक सीमान्त मुख्यालय (विशेष-संक्रिया) छत्तीसगढ़ के समस्त अधिकारी व जवानों ने 73 वां संविधान दिवस मनाया। इस मौके पर सभी जवानों ने देश की एकता व अखंडता बनाए रखने की शपथ ली। इस मौके पर महानिरीक्षक सीमान्त मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल (विशेष-संक्रिया) छत्तीसगढ़ इंदराज सिंह ने जवानों को राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई।



बता दें भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ0 भीमराव अंबेडकर के 125 वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 से संविधान दिवस मनाया गया। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया। गणतंत्र भारत में भारतीय संविधान को 26 जनवरी 1950 से अमल में लाया गया।

### जवानों ने ली शपथ

इस मौके पर जवानों ने एक साथ शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के लोग, भारत को एक (सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य) बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और (राष्ट्र की एकता और अखंडता) सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर इस संविधान को अंगीकृत और आत्मार्पित करते हैं।

### खास खबर

## चार दृष्टिबाधित बच्चों की आंखों को मिला उजाला

**दुर्ग।** जन्म के समय लेंस के अच्छी तरह से विकसित नहीं होने की वजह से कुछ बच्चों की दृष्टि बाधित हो जाती है। केवल विशेष तरह की सर्जरी के माध्यम से ही यह दृष्टि वापस लाई जा सकती है। यह सर्जरी जिला अस्पताल में भी होने लगी है। जिला अस्पताल में डॉक्टर कल्पना जेफएवं उनके सहयोगियों की टीम ने आज चार दृष्टिबाधित बच्चों को उनकी आंखों का उजाला सर्जरी के माध्यम से दिया। सृष्टि 10 साल की है अब वह दुनिया की सुंदरता भरपूर नजरों से देख सकेगी। करेली गांव का दुर्गेश भी अब सब कुछ देख सकेगा। कल्पना करिए यह सर्जरी नहीं होती तो इन बच्चों के लिए अगले कई सालों तक जीवन में अंधेरा ही होता। जिला अस्पताल में यह सुविधा आरंभ होने से कानजेनिटल कैटरेक्ट से प्रभावित अनेक दृष्टिबाधित बच्चों के जीवन में उम्मीद लौटी है। जिला अस्पताल में आज हुई सर्जरी की विशेष बात यह है कि एक साथ चार सर्जरी हुई। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ वायके शर्मा ने बताया कि नेत्र विशेषज्ञ डॉ कल्पना जेफके नेतृत्व में 4 बच्चों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन हुआ। नोडल ऑफिसर ब्लाइंडनेस डॉक्टर संगीता भाटिया ने बताया कि 4 बच्चों का ऑपरेशन हुआ जिनमें तांसू सेवती गांव से हैं सृष्टि सुपेला से है दुर्गेश करेली गांव का है और राजकुमारी खुर्सीपार की है। इनमें राजकुमारी की उम्र केवल 4 वर्ष है। सफल सर्जरी के बाद परिवार जनों की खुशी भी लौटी है और उनकी आंखों में खुशी के आंसू हैं। परिजनों ने बताया कि अब तक उनके उनके आंखों में आँसू उन्हें दुख देते थे। आज बच्चों की सफल सर्जरी के बाद उनकी आंखों में खुशी के आंसू हैं। आज हुए ऑपरेशन में ओटी में डॉक्टर कल्पना जेफके साथ ही डॉक्टर संजय वालविंद्र नेत्र, सहायक अधिकारी माया लहरें, विवेक सोनी, शत्रुघ्न सिन्हा के साथ मेडिकल स्टाफने ऑपरेशन किया। बच्चों को चिन्हअंकित करने में चिरायु टीम की विशेष भूमिका रही।

### प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ की पहली बैठक में कई निर्णय

## राजिम जयंती और साहू समाज की सद्भावना रैली में बड़ी भूमिका निभाएंगे युवा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ ने अपने पहली ही बैठक में कई जरूरी निर्णय लेकर ये साबित कर दिया है कि आने वाले दिनों में संगठन और ज्यादा मजबूत दिखने वाला है। समाज के युवाओं को संगठन से जोड़कर और संगठन के कार्यों को बेहतर बनाने के लिए कई जरूरी निर्णय लिए गए हैं। साहू समाज के कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी क्या होगी? यह भी तय किया गया। दरअसल, प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ का प्रथम बैठक शनिवार को संतोषी नगर कर्मा माता धाम में हुई।



बैठक में मार्गदर्शन प्रदान करने मुख्य रूप से अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष व तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा संदीप साहू मौजूद रहें।

बैठक में बोर्ड अध्यक्ष संदीप साहू ने कहा, युवा प्रकोष्ठ की टीम बेहतर काम कर रही है। पांचों संभाग का दौरा कर बेस्ट टीम बनाने में सफल रहे। संभाग से लेकर जिले में युवाओं की शानदार टीम बना ली गई है। इन युवाओं की भूमिका समाज में बड़ी है। प्रदेश संयोजक आनंद साहू और संगठन महामंत्री प्रेमकिशन व उनकी टीम द्वारा किए गए कार्यों की सराहना जितनी की जाए, उतनी कम है।

### आगामी रणनीति, भविष्य के लिए गहरा मंथन

प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक आनंद साहू ने बताया कि, बैठक में 7 जनवरी को होने वाले राजिम जयंती को लेकर विशेष चर्चा हुई। राजिम जयंती में युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी जा रही है। कर्मा माता जयंती से लेकर अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हैं।

अपने क्षेत्र के कार्यक्रमों में उपस्थिति प्रदान कर समाज के कार्यो को सफल बनाए। आनंद साहू ने बताया कि, आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष टहलराम साहू के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भावना रैली में सभी युवा जुटे। खुद शामिल हों और अन्य युवाओं को लेकर भी रैली में पहुंचे।

### पांचों संभाग में कार्यशाला का आयोजन

प्रदेश साहू युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक आनंद साहू व प्रदेश संगठन महामंत्री प्रेमकिशन साहू ने बताया कि पांचों संभाग में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को मुख्य उद्देश्य मानते हुए युवाओं को जोड़ने का काम किया जाएगा। सदस्यता के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### बैठक में ये रहें मौजूद

बैठक में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश के कोने-कोने से आए प्रदेश पदाधिकारीगण सभी संभागों के अध्यक्षों द्वारा भी अपने अपने विचार रखे इस अवसर पर दुर्ग संभागाध्यक्ष देवकुमार साहू, रायपुर संभाग अध्यक्ष पवन साहू सरगुजा संभाग अध्यक्ष कमल कांत साहू, बस्तर संभाग अध्यक्ष विनोद साहू, कोषाध्यक्ष लोकेश साहू, सह-कोषाध्यक्ष संदीप साहू, रक्तमित्र प्रभारी सूरज साहू, मीडिया प्रभारी किशन हिरवानी, आशीष साहू, मीडिया इंचार्ज पंकज चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी लिकेश साहू, सोनू साहू, कार्यकारी अध्यक्ष गेंदलाल साहू, ओमप्रकाश साहू, डुलीकिशन साहू, उपाध्यक्ष राजू साहू, संगठन सचिव टुम्मन साहू, देवेंद्र साहू, स्वतंत्र साहू, शशिकांत साहू, चुन्नीलाल साहू , संदीप साहू भास्कर साहू डॉक्टर सतीश साव,प्रदेश प्रचार सचिव राकी साहू, भास्कर साहू, भुनेश्वर साहू ,दीपक, सूरज, चेतन, युगल किशोर ,सुरेश ,टिकेश, ओमप्रकाश ,केवलराम ,किशन ,टीका राम, आशीष, राजेश ,,दिलीप, रवि, शंभू ,सुरेंद्र ,रामेश्वर ,राकेश, विजय, प्रवीण ,मुरली, ओमप्रकाश, रमेश, विक्रमादित्य, स्वतंत्र ,मनोज कुमार ,लकी, शुभम ,महेंद्र, देवदत्त, प्रफुल्ल ,अकाश, दिलीप यशवंत रामदेव प्रवीण उदित मनीष ,परमानंद ,ओमकार ,सोनू, देवेंद्र, जयंत ,रोशन, योगेश ,जेतेश्वर मोहन, सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी संभागों से आए प्रदेश पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कवर्धा से भोरमदेव मार्ग तक डामरीकरण कार्य हुआ प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सड़कों के निर्माण और मरम्मत के कार्यों में तेजी से आम आवागमन में आसानी हो रही है। । सड़कों के निर्माण होने से अब अंतिम छोर पर बसे वनांचल क्षेत्रों के ग्राम शहरों तक जुड़ने लगे है। छत्तीसगढ़ का कबीरधाम जिला पयर्टन के दृष्टि से परिपूर्ण है, सड़कों के विस्तार से कबीरधाम जिले में पर्यटन को भी बढ़वा मिल रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार प्रदेशभर के सड़क, पुल-पुलिया निर्माण एवं मरम्मत कार्य को प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी कड़ी में कवर्धा से प्रमुख पर्यटन, धार्मिक एवं जन आस्था का केन्द्र भोरमदेव मंदिर पहुंच मार्ग 16 किलोमीटर सड़क लगभग 9 करोड़ 60 लाख 24 हजार रूपए की लागत से डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसे दिसबंर माह तक पूरा कर किया जाएगा।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कवर्धा से भोरमदेव सड़क डामरीकरण कार्य का गुणवत्तापूर्वक समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर महोबे जिले में चल रहे निर्माणाधीन और जर्जर सड़कों के मरम्मत कार्यों की लगातार समीक्षा कर निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर रहे है। उनके मार्गदर्शन में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क विकास निगम द्वारा स्वीकृत मांगों में डामरीकरण कार्य शुरू हो गया है। योजना के तहत बोड़ला, मोहगांव, प्रतापपुर के डामरीकरण का कार्य बरसात के पूर्व किया जा चुका है। कवर्धा से भोरमदेव मंदिर 16 किलोमीटर सड़क का उन्नयन कार्य और 10 पुलिया सहित 5.44 किलो मीटर नाली का हो रहा निर्माण

कैबिनेट मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के प्रयासों से छत्तीसगढ़ के प्रमुख पुरात्तव, धार्मिक, पर्यटन एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल भोरमदेव मंदिर 16 किलोमीटर पहुंचमार्ग सड़क का 9 करोड 60 लाख रूपए की लागत से डामरीकरण कार्य प्रारंभ हो गया है। इस सड़क उन्नयन कार्य में 10 नग पुलिया और 5.44 किलो मीटर नाली का निर्माण हो रहा है। प्रदेश के प्रमुख पुरात्तव, धार्मिक, पर्यटन एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल भोरमदेव मंदिर पहुंचमार्ग तक सड़क निर्माण होने की मांग पूरा होने से पर्यटन सुविधाओं के विस्तार होगा। राज्य के अलग-अलग जिलो से आने वाले पर्यटकों के लिए अच्छी पहुंच मार्ग सड़क की बेहतर सुविधाएं मिलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कबीरधाम जिले के सभी प्रर्यटन सुविधाओं के विस्तार के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिले के प्रमुख प्रर्यटन स्थल चिल्फी घाटी के उपर सरोधादादर में ट्राईबल टूरिजम सर्विल के विकास के लिए 12 करोड़ रूपए के विकास कार्य किए गए है, इससे प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का समुचित विकास को नई दिशा मिल रही है।

## सर्व समाज तथा बाबा साहब सेवा संस्था द्वारा मनाया गया संविधान दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोण्डागांव। देश के संविधान की उद्देशिका के अनुरूप सभी नागारिकों की भलाई के लिए पहल आवश्यक है। इस दिशा में समाज के निर्धन एवं जरूरतमंदों के विकास हेतु हम सभी को मिलकर समन्वित प्रयास करना होगा। यह बात कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने सर्व समाज तथा बाबा साहब सेवा संस्था द्वारा आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम के अवसर पर संविधान दिवस की बधाई देते हुए कही।




उन्होने कहा कि जिला प्रशासन जिले के सभी क्षेत्रों के लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए हरसंभव पहल कर रही है।

इस ओर संयुक्त प्रयास से ही सफलता मिलेगी और इस हेतु जिले के सभी लोगों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है। उक्त कार्यक्रम में गोंडवाना समाज के संरक्षक श्री मन्हेर सिंह कोर्राम, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष श्री वंगाराम सोढ़ी सहित अन्य वक्ताओं ने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबा अम्बेडकर के विचारों के अनुरूप इस दिशा में सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। आरंभ में सभी लोगों ने बाबा अम्बेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हे नमन किया। वहीं 26 नवम्बर 2008 को मुम्बई के आतंकी हमले में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को मौन धारण श्रद्धाजलि दी गयी। इस दौरान बाबा साहब सेवा संस्था द्वारा संविधान दिवस पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, इस भाषण प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गोलावण्ड के छात्राओं ने संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर पर केन्द्रीत सुमधुर गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया।

## कलेक्टोरेट में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

**रायगढ़।** संविधान दिवस के अवसर पर संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे ने जिला कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों को संविधान के प्रस्तावना का पठन कराया। उन्होंने संविधान के प्रति निष्ठा रखने तथा संविधान में प्रदत्त अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि डॉ.भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया है। इस अवसर पर जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।







## खास खबर

### किसान के खाते से 42 क्विंटल अवैध धान खपाने की कोशिश

नोडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण में पकड़ा गया, गिरजापुर समिति में धान जप्त

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के समस्त उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के सुचारू संचालन एवं निगरानी हेतु जिला कलेक्टरों को विशेष निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों का पालन करते हुए कोरिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा धान उपार्जन केंद्रों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिनके द्वारा लगातार उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस 25 नवंबर को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित गिरजापुर में संदेह के आधार पर एक किसान के टोकन की जांच की गई जिसमें 42.40 क्विंटल धान विक्रय हेतु टोकन लिया गया था।

इसकी जांच सहायक आयुक्त एवं नोडल अधिकारी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित गिरजापुर, जिला खाद्य अधिकारी, प्रबंधक गिरजापुर, पटवारी एवं अन्य के उपस्थिति में की गई। किसान के टोकन पर धान विक्रय हेतु पहुंची पत्नी और वाहन चालक द्वारा पूछताछ के दौरान भ्रामक जानकारी दी गयी। उक्त संबंध में पटवारी द्वारा स्थल जांच भी की गयी। जिसमें पता चला कि खातेदार किसान की भूमि का धान अभी कटा नहीं है। मौके पर पंचनामा तैयार किया गया और धान को जप्त कर लिया गया। कलेक्टर लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में प्रशासनिक टीमों के द्वारा अवैध धान भंडारण और परिवहन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अवैध धान आवक पर लगातार प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### 8वीं से 12वी उत्तीर्ण मूकबधिर एवं अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए 29 नवंबर को होगा प्लेसमेंट केम्प

**रायपुर।** विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर द्वारा 8 वी से 12वीं उत्तीर्ण मूकबधिर एवं अस्थिबाधित दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 29 नवंबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक विशेष रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर राजभवन के बाजू सिविल लाईन रायपुर में आयोजित किया जायेगा।

उपसंचालक डॉ. शशिकला अतुलकर द्वारा जानकारी दी गई की इस कैम्प में सेल्स एक्जेक्यूटिव, वेटर, हेल्पर, की भर्ती की जायेगी। इन पदों के लिए नियुक्त होने वाले अभ्यर्थियों को 6 से 12 हजार रुपए तक वेतन दिया जाएगा।इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 8 वीं, 10वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण मूकबधिर व अस्थिबाधित दिव्यांग अभ्यर्थी शिविर में उपस्थित हो सकते है।इसका कार्यक्षेत्र रायपुर रहेगा। इसी तरह इसी दिन एक पद साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर की भी भर्ती की जायेगी।इसके लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक के साथ डिप्लोमा इन एस. एल. टी के साथ अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी। इस पद पर नियुक्त अभ्यर्थी को 12 से 20 हजार रुपए वेतन दिया जाएगा।इन पदों के लिए इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास, रोजगार पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड, फोटो सहित प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित हो सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 0771-4044081 पर संपर्क भी किया जा सकता है।

### 12वीं से स्नातक उत्तीर्ण आवेदकों के लिए प्लेसमेंट कैम्प

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 29 नवंबर को स्थान- जिला रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रायपुर में सुबह 11 बजे से सांय दोपहर 2 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित है। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से सोनाटा फाइनेंस प्रा.लि., रायपुर द्वारा एच.आर. (एम.बी.ए.) एवं बी.आर.ई. ( बिज़नेश रिलेशनशिप एक्सिक्यूटिव) के 39 पदों पर 12वीं से स्नातक उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती 10 हजार से 15 हजार रुपए प्रतिमाह की दर पर की जावेगी। अत: प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

# दत्तक संतानों से घर में आयी खुशहाली

## अंतरराष्ट्रीय दत्तक माह के अवसर पर हुआ दत्तक अभिभावक एवं भावी दत्तक अभिभावक राज्यस्तरीय सम्मेलन

दत्तक अभिभावकों ने साझा किए अनुभव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** संतान सुख के लिए तरसते हुए दंपत्तियों के लिए दत्तक संतान घर में खुशहाली लेकर आए हैं। अब सूने घर में भी किलकारियां गूंज रही हैं तो वहीं दत्तक अभिभावक अपनी दत्तक संतानों के लिए जैविक संतानों की तरह ही वात्सल्य भाव से भविष्य के सपने संजो रहे हैं। इस संबंध में चर्चा आज राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में अंतरराष्ट्रीय दत्तक माह के अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय सम्मेलन में हुई। सम्मेलन का आयोजन केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण नई दिल्ली, छत्तीसगढ़ राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण , महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस दौरान केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण व महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने दत्तक अभिभावकों तथा भावी अभिभावकों को दत्तक ग्रहण विनियम-2022 के प्रावधानों से अवगत कराया। वहीं दत्तक अभिभावकों ने अपनी दत्तक संतानों को लेकर अनुभव साझा किए।




दत्तक ग्रहण पर आयोजित राज्यस्तरीय सम्मेलन में अधिकारियों ने बताया कि दत्तक ग्रहण ऐसी प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से दत्तक बालक उसके जैविक माता-पिता से स्थायी रूप से अलग हो कर सभी अधिकारों/विशेष अधिकारों और उत्तरदायित्वों के साथ अपने दत्तक माता-पिता का जैविक बालक की तरह विधिवत पुत्र/पुत्री बन जाता है। वहीं भावी दत्तक माता-पिता के लिए पात्रता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि, भावी दत्तक माता या पिता को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रुप से सुदृढ़, वित्तीय रूप से सक्षम, दत्तक ग्रहण के लिए प्रेरित होना चाहिए साथ ही उनके जीवन को जोखिम में डालने वाली चिकित्सा स्थिति/बीमारी नहीं होनी चाहिए। कोई भी भावी दत्तक माता या पिता दत्तक ग्रहण के लिए पंजीयन करा सकता है, चाहे उसकी वैवाहिक स्थिति जो भी हो और भले ही उनकी कोई अपनी जैविक संतान हो या न हो।

इस दौरान प्रावधानों पर बात करते हुए कहा गया कि, दंपत्ति की स्थिति में पति-पत्नी दोनों की सहमति आवश्यक है। उनके स्थायी वैवाहिक संबंधों को कम-से-कम दो वर्ष पूर्ण होने चाहिए। भावी दत्तक माता या पिता की आयु संबंधी पात्रता की गणना पंजीयन की तारीख से की जाती है।

दत्तक संतान ग्रहण की प्रक्रिया पर चर्चा के दौरान जानकारी दी गई कि, दत्तक संतान की चाह रखने वाले माता या पिता महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की वेबसाइट www.cara.nic.in पर लॉग इन कर केयरिंग्स में नि: शुल्क ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। इच्छा-अनुरुप बालक के विकल्प का चयन किया जाना होता है। गृह अध्ययन रिपोर्ट के लिए अपने निवास के निकटवर्ती विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण का चयन करेंगे। इसके लिए वेबसाइट www.cara.nic.in पर उपलब्ध दस्तावेजों की सूची अपलोड किया जाना अनिवार्य है। चयनित विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेन्सी अथवा राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण/ जिला बाल संरक्षण इकाई के सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा गृह अध्ययन कर प्रतिवेदन केयरिंग्स में ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। गृह अध्ययन के दौरान भावी दत्तक माता-पिता को परामर्श भी दिया जाएगा।

यहां सम्मेलन में अवैध रूप से दत्तक ग्रहण पर चर्चा करते हुए बताया गया कि किसी संस्था, अस्पताल या व्यक्ति के माध्यम से बच्चा अवैध रूप से गोद लेना या देना बाल अधिकारों का हनन एवं कानूनन अपराध है तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम-2015 यथा संशोधित 2021 के अंतर्गत तीन वर्ष तक की कैद या एक लाख रुपये जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है।

दत्तक ग्रहण को लेकर हुए राज्यस्तरीय सम्मेलन में केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की सहायक संचालक रूपांशी पांडेय एवं सीनियर प्रोफेशनल मनीष त्रिपाठी, छत्तीसगढ़ महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक नंदलाल चौधरी व उप संचालक श्रुति नेरकर, स्वास्थ्य विभाग के उपसंचालक डॉ. वी.आर. भगत तथा यूनिसेफ की ओर से प्रतिनिधि अभिषेक सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इनके अलावा छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्य, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, बाल देखरेख संस्थाओं के अधीक्षक, गैर संस्थागत देखरेख के संरक्षण अधिकारी, विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण के समन्वयक तथा जिला स्वास्थ्य व चिकित्सा अधिकारी समेत 10 से अधिक दत्तक अभिभावक दंपत्ति व 20 भावी दत्तक अभिभावक शामिल हुए।

### घर का सूनापन हुआ दूर

दत्तक ग्रहण के राज्यस्तरीय सम्मेलन के दौरान एक दत्तक अभिभावक ने बताया कि विवाह को लंबा अरसा गुजर जाने के बावजूद उन्हें संतान सुख नहीं मिल रहा था। घर में किलकारी गूंजने की आस टूट रही थी। इसी दौरान दत्तक ग्रहण को लेकर जानकारी मिली और दंपत्ति ने आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए वर्ष 2016 में एक बिटिया को दत्तक पुत्री के तौर पर ग्रहण किया। आज वह दत्तक पुत्री अपनी प्रतिभा से राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है। वहीं इस बिटिया को गोद लेने के लगभग पांच साल बाद दंपत्ति को दो जुड़वा बेटियां हुईं। इसी तरह एक अन्य दंपत्ति ने बताया कि उनका विवाह वर्ष 2011 में हुआ। विवाह के 8 साल बाद भी जब जैविक संतान की प्राप्ति नहीं हुई तो उन्होंने दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया की जानकारी ली और मार्च 2021 में एक बेटे को गोद लिया। परिवार ने भी उनके फैसले का स्वागत किया और अब दत्तक पुत्र के घर में आने से घर का सूनापन दूर हो चुका है। नन्हें बालक के साथ दंपत्ति और उनका परिवार अपनी खुशियों के पल बांटते हैं। दत्तक अभिभावक अपने दत्तक पुत्र के लिए भविष्य के सपने भी संजोने लगे हैं।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना

# नंदकुमारी के अपने पैरों पे खड़े होने का सपना हुआ सच

### रोजगार मिलने से अपने साथ साथ परिवार की जरूरतों को कर रही पूरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जशपुर जिले में कौशल विकास प्राधिकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत सिलाई मशीन, कम्प्यूटर ऑपरेटर जैसे विभिन्न ट्रेडों का प्रशिक्षण प्रदान कर बेरोजगार युवक-युवतियों का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।



इसी कड़ी में जिले की कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम कुरकुंगा की रहने वाली नंद कुमारी के रोजगार प्राप्त करने के सपने को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना ने सच कर दिखाया है। नंदकुमारी को योजना के तहत अबिनाश इनटरप्राईजेस प्राइवेट लिमिटेड से सेविंग मशीन आपरेटर (सिलाई) के ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत हितग्राही का नियोजन केपीआर सुगर एण्ड ऐपेरल लिमिटेड, तिरूपुर में हो गया। जहां उन्हें नि:शुल्क आवासीय सुविधा के साथ 8500 रुपए प्रतिमाह मासिक वेतन प्राप्त हो रहा है।

हितग्राही युवती ने बताया कि उनके परिवार में माता पिता के साथ ही दो भाई है। उनके पिता खेती किसानी कर परिवार का पालन पोषण करते है। परिवार की आय का मुख्य साधन खेती ही है। परंतु छोटे किसान होने के कारण परिवार की जरूरतों को पूरा करने में दिक्कतें आती थी। इस हेतु वे बचपन से ही अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने और परिवार का सहारा बनना चाहती थी। हितग्राही ने बताया कि बारहवीं कक्षा की पढ़ाई पूर्ण करने के उपरांत वे अपने पैर में खड़े होना चाहती थी इसके लिए वो प्रयासरत थी।

इसी दौरान उन्हें मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के बारे में पता चला जिसके बाद नन्दकुमारी ने योजना से जुड़कर लाभ लिया। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के द्वारा उन्हें एक नया हुनर प्रदान करते हुए उनका कौशल विकास किया गया और उसमें वह निपुण भी हो गई। नंद कुमारी ने बताया कि इस हुनर से उन्हें रोजगार प्राप्त हुआ है। अब वह अपने परिवार का सहारा बन गई है। जिससे वे अपने परिवार के साथ ही अपनी जरूरतों को भी पूरा कर रही है। उन्होंने रोजगार के अवसर दिलाने हेतु जिला प्रशासन और छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

# कुलपति डॉ. चंदेल ने दिलायी संविधान पालन की शपथ




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान हेतु उन्हें नमन किया। इस अवसर पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। कुलपति डॉ. चंदेल ने इस अवसर पर कहा कि 26 नवम्बर 1949 को देश की संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अंगीकृत किया गया तथा 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान द्वारा जहां हमें अनेक अधिकार प्रदान किये गए हैं वहीं हमें विभिन्न कर्तव्य तथा उत्तरदायित्व भी दिये हैं। हमें भारतीय संविधान की मूल भावना का सम्मान करते हुए अपने अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ अपने कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों का भी ईमानदारी एवं निष्ठा से पालन करना चाहिए। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय रायपुर द्वारा विद्यार्थियों के आयोजित रंगोली, पोस्टर, भाषण, निबंध और क्वीज प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। समारोह को कृषि महाविद्यालय रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. केएल नंदेहा तथा अधिष्ठाता छात्रकल्याण डॉ. जीके श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुबुही निषाद ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एम्स का नर्सिंग कालेज बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, छात्राओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**रायपुर।** राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के नर्सिंग कालेज में सिम्युलेशन लैब स्थापित की जा रही है जिसकी मदद से नर्सिंग छात्राओं को अत्याधुनिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकेगा। इसे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित करने की भी योजना है, जिससे प्रदेश के अन्य नर्सिंग संस्थानों के लिए यह एक प्रेरणा का स्त्रोत बन सके। एम्स के नर्सिंग कालेज के नौवें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करते हुए निदेशक प्रो. (डा.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि कालेज को सेंटर आफ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित किया जा रहा है।

यहां लागू किया गया बीएससी नर्सिंग का पाठ्यक्रम अब अन्य कालेजों में भी अपनाया गया है। इसमें अध्यापन के साथ सेवाभाव से रोगियों की सेवा का व्यावहारिक ज्ञान भी छात्राओं को दिया जा रहा है। उन्होंने रोगियों और नर्सिंग स्टॉफ के मध्य सौहार्दपूर्ण संबंधों को उपचार का अभिन्न अंग बताया। डीन (अकादमिक) प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल ने कहा कि छात्राओं से रोगियों को उपचार प्रदान करने के साथ निरंतर संवाद किया जा रहा है। स्थापना दिवस कार्यक्रम में जे जेयारेका सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों और छात्राओं ने भाग लिया।

### 60 सीट से हुई थी शुरूआत

प्राचार्य डॉ. बीनू मैथ्यू ने बताया कि कालेज की स्थापना वर्ष-2013 में 60 सीट के साथ की गई थी जो अब बढ़कर 75 हो गई हैं। इसके साथ ही चार सीट के साथ एमएससी नर्सिंग का पाठ्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243
























## विश्वक सेन की पैन इंडिया दस का धमकी फरवरी 2023 में रिलीज होगी

टॉलीवुड स्टार विश्वक सेन, जिन्होंने अपनी 2019 की फिल्म फलकनुमा दास के साथ एक लेखक और निर्देशक के रूप में अपनी क्षमता साबित की, वह अपनी पैन-इंडिया फिल्म दस का धम्मकी का निर्देशन कर रहे हैं, जिसमें उन्होंने मुख्य भूमिका भी निभाई है। यह फिल्म फरवरी 2023 में तेलुगु, तमिल, मलयालम और हिंदी भाषाओं में रिलीज होगी।

फिल्म एक्शन थ्रिलर के शेड्स के साथ एक रोम-कॉम है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जो गुरुवार को जारी किया गया था, विश्वक स्टाइलिश लेकिन रफ लुक में एक कान की बाली और एक घड़ी पहने हुए है। धमकी भरे अंदाज में अपनी भौंहों को ऊपर उठाना मानो किसी को धमकी (धमकी) दे रहे हो।

पेचीदा फर्स्ट-लुक पोस्टर इंगित करता है कि विश्वक सेन फिर से फिल्म में एक बड़े पैमाने पर और एक्शन से भरपूर किरदार निभा रहे हैं। वनमय क्रिएशन्स और विश्वकसेन सिनेमा बैनर के तहत कराटे राजू द्वारा निर्मित, फिल्म में निवेथा पेथुराज मुख्य भूमिका में हैं।प्रसन्ना कुमार बेजवाड़ा ने फिल्म के लिए संवाद प्रदान किए हैं।

फिल्म की शूटिंग इन दिनों हैदराबाद में चल रही है। यूनिट के सूत्रों ने कहा कि इस सप्ताह के अंत तक पूरी उत्पादन औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी। आरआरआर और हरि हारा वीरा मल्लू के लिए स्टंट कोरियोग्राफ करने वाले बल्गेरियाई फाइट मास्टर्स टोडर लाजारोव-जूजी ने फिल्म के क्लाइमेक्स फाइट को कोरियोग्राफ किया है।

रामकृष्ण मास्टर, जो बिंबिसार का हिस्सा थे, ने एक एक्शन एपिसोड को कोरियोग्राफ किया और वेंकट मास्टर ने एक स्टाइलिश एक्शन ब्लॉक का पर्यवेक्षण किया। दिनेश के. बाबू कैमरा चलाते हैं, जिसमें लियोन जेम्स संगीत देते हैं जबकि अनवर अली संपादक हैं। राव रमेश, हाइपर आदि, रोहिणी और पृथ्वीराज फिल्म के अन्य प्रमुख कलाकार हैं।

## सिद्धार्थ और रश्मिका की फिल्म मिशन मजनू नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

अब भले ही सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ जमा हो रही हो। बावजूद इसके कई फिल्मों को ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और रश्मिका मंदाना की फिल्म मिशन मजनू ने भी ओटीटी की राह पकड़ ली है। मतलब यह कि आप घर पर बैठे-बैठे इस फिल्म का आनंद ले पाएंगे। फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। आइए जानते हैं मिशन मजनू किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर और कब दर्शकों के बीच आएगी। शेरशाह और थैंकगॉड के बाद सिद्धार्थ अब मिशन मजनू में दिखेंगे। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया, यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर अगले साल रिलीज होगी। निर्माताओं ने 18 जनवरी, 2023 को फिल्म दर्शकों के बीच लाने की योजना बनाई है। नेटफ्लिक्स जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करने वाला है। दिसंबर, 2020 में इस फिल्म की घोषणा हुई थी। पिछले साल नवंबर में सिद्धार्थ ने फिल्म से अपनी पहली झलक दर्शकों को दिखाई थी। बीते कुछ महीनों में बड़े सितारों की फिल्में धड़ाधड़ फ्लॉप होने के बाद तमाम निर्माताओं ने अपनी फिल्मों की ओटीटी रिलीज का रास्ता तलाशना शुरू कर दिया है। गोविंदा नाम मेरा से लेकर सेल्फी, फ्रेडी, टीकू वेड्स शेरू और खुफिया जैसी फिल्में ओटीटी पर आएंगी। मिशन मजनू की कहानी पाकिस्तान की धरती पर भारत के सबसे महत्वाकांक्षी रॉ ऑपरेशन पर आधारित है। यह फिल्म 1970 के दशक में असली घटनाओं से प्रेरित है। यह फिल्म एक साहसिक जासूसी थ्रिलर होगी। फिल्म देश के ऐसे जांबाज सिपाहियों की कहानी सबके सामने लेकर आएगी, जो देश सेवा में अपनी जान कुर्बान कर देते हैं, लेकिन उनकी कहानियां कभी किसी के सामने नहीं आतीं। फिल्म में रॉ एजेंट बन सिद्धार्थ ऐसी ही कहानी दर्शकों के लिए लेकर आएंगे। मिशन मजनू का इंतजार इसलिए भी बेसब्री से किया जा रहा है, क्योंकि यह साउथ की मशहूर अदाकारा रश्मिका की पहली हिंदी फिल्म है। वह इस फिल्म से बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी सिद्धार्थ के साथ बनी है। शांतनु बागची ने फिल्म का निर्देशन किया है। रॉनी स्क्रूवाला, अमर बुटाला और गरिमा मेहता ने मिलकर इस फिल्म को बनाया है। सिद्धार्थ-रश्मिका के अलावा कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी भी इसमें अहम भूमिका में दिखेंगे। सिद्धार्थ एक्शन से लबरेज फिल्म योद्धा में भी काम कर रहे हैं। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में उनके साथ दिशा पाटनी हैं।

### माइग्रेन से लेकर साइनस तक

# विभिन्न प्रकार के सिरदर्द में अंतर

सिरदर्द एक बेहद आम समस्या है। यह कई तरह के होते हैं और हर एक के अपने कारण, लक्षण और उपचार के विकल्प भी मौजूद हैं। सिरदर्द माथे से शुरू होकर कान और गर्दन के किनारे और सिर के ऊपरी हिस्से तक अनुभव किया जा सकता है। सभी सिरदर्द जटिलता, तीव्रता और आवृत्ति के संदर्भ में अलग होते हैं। आइए आज हम आपको पांच अलग-अलग तरह के सिरदर्द के बारे में बताते हैं।



### माइग्रेन

माइग्रेन में सिर में बहुत तेज दर्द होता है और इसकी तीव्रता भी अधिक होती है। इसमें जल्दी आराम नहीं मिलता है और कभी-कभी यह कई दिनों तक होता है। खाना नहीं खाने से या बहुत ज्यादा तनाव लेने की वजह से आपको माइग्रेन का सिरदर्द हो सकता है। इसमें लोग अपने सिर के किनारों में दर्द महसूस करते हैं और इलाज के लिए दवा पर भरोसा करते हैं। हालांकि इसका कोई ठोस इलाज नहीं है।

### तनाव से होने वाला सिरदर्द

घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों की वजह से आजकल हमारा रुटीन ऐसा हो गया है कि हर वक्त तनाव बना रहता है। इसके कारण अक्सर सिर में दर्द होता है। यह दर्द गर्दन और कंधों में तनाव के कारण भी हो सकता है, लेकिन ऐसी स्थिति में यह लंबे समय तक नहीं रहेगा। तनाव से होने वाला सिरदर्द गर्दन के पीछे और किनारों की तरफ मध्यम तीव्रता तक का होता है। इससे राहत पाने के लिए मेडिटेशन बढ़िया विकल्प है।

### क्लस्टर सिरदर्द

क्लस्टर सिरदर्द बेहद गंभीर सिरदर्द होता है। इसमें लगातार आंखों के आसपास दर्द और जलन महसूस किया जा सकता है, जिससे आसानी से राहत नहीं मिलती है। यह सिरदर्द इतना तीव्र और भयंकर होता है कि आपका बैठना भी मुश्किल हो जाता है और अन्य असुविधा होती हैं। इससे राहत पाने के लिए आप दवाएं ले सकते हैं जो स्थिति को अधिक सहने योग्य बनाने में मदद करती हैं।

### साइनस का सिरदर्द

साइनस एक ऐसी समस्या है जिसमें व्यक्ति की नाक बंद हो जाती है। यह स्थिति एलर्जी, मौसम में बदलाव और ज्यादा ठंडे मौसम के कारण होती है। इसके कारण नाक से पानी आना, सिरदर्द, गले और आंखों में दर्द और आधे सिर में दर्द होने जैसी समस्याएं होती हैं। साइनस के दर्द में आप खुद को थका हुआ भी महसूस करते हैं। ऐसी स्थिति में सिरदर्द से राहत पाने के लिए आपको डॉक्टर को जरूर दिखाना चाहिए।

### मेहनत से होने वाला सिरदर्द

जब आप कोई मेहनत भरा काम या भारी शारीरिक एक्सरसाइज करने के बाद थक जाते हैं तो आपको जो सिरदर्द महसूस होता है, वह मेहनत से होने वाला सिरदर्द है। कई बार शरीर पर अचानक से तनाव आ जाने पर भी यह दर्द महसूस होता है। यह सिरदर्द घंटों तक रहता है और कभी-कभी कुछ दिनों तक भी चलता रहता है। इसमें गर्दन और सिर के एक या दोनों तरफ दर्द होता है।

## गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड्स में है डिस्को किंग बप्पी लहरी का नाम



इसी साल फरवरी में महान गायक बप्पी लहरी दुनिया छोड़कर चले गए। मुंबई में 69 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका जन्म 27 नवंबर, 1952 को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में हुआ था। इस लिहाज से आज (27 नवंबर) उनकी 70वीं जयंती है। बहुत कम लोगों को पता होगा कि बप्पी दा का नाम प्रतिष्ठिति गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है। आइए आपको बताते हैं इससे जुड़ा किस्सा।

### 1986 में बप्पी ने 33 फिल्मों में गाए 180 गाने

'डिस्को किंग' के नाम से पहचाने जाने वाले बप्पी ने साल 1986 में 33 फिल्मों में 180 गानों को अपनी आवाज दी थी। इतने कम समय में इतने अधिक गाने रिकॉर्ड कर पाना कोई आसान काम नहीं था। इसके लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। इतना ही नहीं, उनके मशहूर गाने 'जिमी जिम्मी आ जा' को 45 विदेशी भाषाओं में डब किया गया, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है।


इसी वाकये का जिक्र करते हुए बप्पी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनके नाम से एक वक्त पर पांच स्टूडियोज बुक होते थे और वह पांचों स्टूडियोज में एक साथ काम करते थे। यूनाइटेड किंगडम स्थित वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने भारतीय सिनेमा में योगदान देने के लिए भी उन्हें सम्मानित किया था। बता दें कि भारत में डिस्को म्यूजिक को पहचान दिलाने में बप्पी का योगदान सबसे अधिक रहा। उन्हें 'चाइना अवॉर्ड' से भी नवाजा गया था।

### बप्पी ने अपने लुक का कराया था ट्रेडमार्क

दिवंगत बप्पी ने खुद 2019 में एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने अपने लुक का ट्रेडमार्क कराया है। उन्होंने कहा था कि वह अमेरिकी पॉप स्टार एल्विस प्रेसली से प्रभावित थे। प्रेसली भी अपने कॉन्सर्ट के दौरान सोने की चेन पहनते थे। प्रेसली को देखकर बप्पी के मन में ख्याल आता था कि वह भी सफल होकर अपनी अलग पहचान बनाएंगे। यही वजह है कि जब उन्होंने मुकाम हासिल किया तो अपने शौक को भी पूरा किया।

## स्किन को करना है रिपेयर तो घर पर बनाए ये नाइट क्रीम

अगर आप अच्छी और हेल्दी स्किन चाहती हैं तो उसके लिए यह ध्यान रखे कि नाइट क्रीम बहुत जरूरी होती है। जी हाँ और नाइट क्रीम का काम स्किन रिपेयरिंग के साथ डेड सेल को रिमूव कर न्यू सेल्स का निमार्ण करना होता है। नाइट क्रीम ऐसी होनी चाहिए, जो आपके स्किन को सभी आवश्यक पोषक प्रदान कर डीप लेयर तक जाए, साथ ही एजिंग प्रोसेस को भी धीमा करे। वैसे आज के समय में बाजार में कई ब्रांड में प्रोफेशनल और एडवांस नाइटक्रीम उपलब्ध है लेकिन इसे घर पर भी तैयार किया जा सकता है। आज हम आपको उन्ही के बारे में बताने जा रहे हैं।



### एलोवेरा जेल नाइट क्रीम

एलोवेरा स्किन के लिए बहुत लाभदायक माना जाता है। यह नाइट क्रीम के तौर पर आपकी त्वचा को रात भर पोषण देगी। आप एलोवेरा में आमंड ऑयल और गुलाब जल आदि मिला कर नाइट क्रीम तैयार कर सकते हैं। जी हां और इस क्रीम का उपयोग करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप रात में अपना चेहरा धो लेने के बाद इसे लगाएं। नाइट क्रीम की थोड़ी मात्रा लें और इसे कम से कम 2 मिनट के लिए सर्कुलर मोशन में मसाज करें। इसको बनाने के लिए एलोवेरा जेल 2 से 3 टीस्पून, गुलाब जल 1 से 2 टीस्पून, बादाम का तेल 1 टीस्पून, लैवेंडर का तेल 7-8 बूंद ले लें। सबसे पहले एक बाउल लें और उसमें एलोवेरा जेल और गुलाब जल मिलाएं। उसके बाद इसमें एक चम्मच बादाम का तेल और कुछ बूंदे लैवेंडर ऑयल की मिलाएं। अच्छी तरह मिलाएं। अब लीजिये नाइट क्रीम तैयार है। इसे एक कंटेनर में स्टोर करें और इसे रेफ्रिजरेट करें!

### गुलाब जल और कोकोआ बटर नाइट क्रीम

इसको बनाने के लिए आपको चाहिए कोको बटर 2 चम्मच, गुलाब जल 2 से 3 चम्मच, शहद 1 चम्मच और बादाम का तेल1 चम्मच चाहिए। सबसे पहले एक बाउल में सारी सामग्री एक साथ मिला लें। इसके बाद इसमें कोकोआ बटर और बादाम का तेल डालकर धीमी आंच पर गर्म करें। अब इसको ठंडा कर लें। ठंडा होने पर इसमें शहद और गुलाब के साथ जल मिलाएं। अब इसे एक बॉटल में रखें और रोज लगाएं।

### ऑलिव ऑयल से बनी नाइट क्रीम

इसे बनाने के लिए आपको चाहिये होगा 1/2 कप वर्जिन ऑलिव ऑयल, 2 बड़े चम्मच कोकोनट ऑयल, 1 बड़ा चम्मच वैक्स। सबसे पहले ऑलिव ऑयल, कोकोनट ऑयल और वैक्स् को एक सॉस पैन में धीमी आंच पर तब तक मिलाएं जब तक कि यह मेल्ट न जाए। अब क्रीम को ठंडा होने दें और फ्रिज में एक कंटेनर में स्टोर करें। इसको आप चाहे तो करीब 1 महीने तक इस्तेमाल कर सकते हैं।

## ग्रीन कलर की साड़ी पहने कहर ढाती दिखीं अनुष्का



टीवी की स्टार किड अनुष्का सेन हमेशा अपने स्टनिंग लुक्स से फैंस को अपनी ओर अट्रैक्ट करना कभी नहीं भूलती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत तस्वीरों में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस अनुष्का सेन सोशल मीडिया लवर हैं, और आए दिन अपनी तस्वीरों से इंस्टाग्राम पर तहलका मचाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने ट्रेडिशनल आउटफिट में एक बार फिर से सोशल मीडिया पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने लाइट ग्रीन कलर की ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अनुष्का सेन इन तस्वीरों में बेहद ही खूबसूरत और स्टनिंग हॉट नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने बालों की पोनीटेल बना कर और साथ ही न्यूड मेकअप कर के अपने इस एथनिक लुक की रंगत बढ़ा दी है। मिनिमल ज्वैलरी और स्टाइलिश लुक्स में पोज देकर एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। अनुष्का सेन का ये लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी जमकर तारीफ करते हैं।

## इफ्फी में अपनी फिल्म लॉस्ट के प्रीमियर को लेकर बेहद खुश हैं पिया वाजपेयी



पिया वाजपेयी की आने वाली फिल्म लॉस्ट का प्रीमियर एशियन प्रीमियर गाला के लिए भारत के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में होगा। गोवा में आयोजित भारत का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल एशिया के सबसे बेस्ट फिल्म फेस्टिवल में से एक है। फिल्म में पिया वाजपेयी ने सबसे दमदार भूमिका निभाई है।

पिया वाजपेयी ने बताया कि मैं बेहद खुश हूं कि अलग फिल्म समारोहों में इस फिल्म का इतना जबरदस्त स्वागत हुआ, और मैं अब आईएफएफआई जैसे प्रतिष्ठित मंच पर फिल्म के भव्य प्रीमियर के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं। आईएफएफआई में लॉस्ट का अनावरण करने के लिए एक अद्भुत मंच है। हमारे सभी प्रयास, प्रतीक्षा, रिलीज में देरी, सब कुछ इसका कारण है। मुझे कितना गर्व महसूस हो रहा है, इसका कोई अंदाजा नहीं कर लगा सकता। मुझे लॉस्ट से बहुत उम्मीदें हैं और मुझे लगता है कि यह एकदम सही शुरुआत है। और मुझे यकीन है कि मेरी भूमिका दर्शकों को खुश करेगी। हम सभी सेलेब्रेशन में इसके स्वागत और फिर इसकी ड्रामाटिक रिलीज की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

अनिरुद्ध रॉय की लॉस्ट, में अद्भुत कलाकरो की टीम नजर आएंगी।, जो एक थ्रिलर में साथ अद्भुत कहानी है। अनिरुद्ध रॉय चौधरी द्वारा अभिनीत, लॉस्ट एक मनोरंजक रिसर्च ड्रामा थ्रिलर है जो एक एडवांस रिसर्च, और अखंडता के खोए हुए मूल्यों की खोज को दर्शाती है। लॉस्ट 'ज़ी स्टूडियोज, शरीन मंत्री केडिया, किशोर अरोड़ा, सैम और इंद्राणी मुखर्जी द्वारा निर्मित है।.

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005



चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने सड़क निर्माण कार्य का लिया जायजा

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** राज्य शासन के मंशानुरूप जिले में विगत दिनों से प्रारंभ हुई सड़क निर्माण, पेच कार्यों में काफी तेजी आई है। उक्त कार्यों के निरीक्षण के लिए डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने स्वयं आज सारंगढ़ से बिलाईगढ़ तक सड़क मार्ग का औचक निरीक्षण किया। संबंधित विभाग के अधिकारी से सड़क के पेच कार्य के मटेरियल की गुणवत्ता और सड़क की लंबाई के बारे में जानकारी ली। संबंधित अधिकारी ने सड़क की अलग-अलग ग्रेडिंग के बारे में जानकारी देकर अवगत कराया। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने शेष बचे हुए पेच कार्य की समयावधि के बारे मे जानकारी लेते हुए शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी गण उपस्थित थे। संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने बिलाईगढ़ के स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित फन फेयर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### सहारा इंडिया कंपनी के 1000 निवेशकों को भुगतान के लिए एक करोड़ रूपए का चेक जारी

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप जिले में चिटफण्ड कंपनी के निवेशकों की राशि वापसी के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में सहारा इंडिया कंपनी अंतर्गत सहारियान ई-मल्टीपरपस सोसायटी लिमिटेट, सहारा क्यूशॉप यूनिक प्रोडक्ट रेंज लिमिटेड एवं सहारा क्रेडिट कोआपरेटिस सोसायटी के निवेशकों से प्राप्त आवेदनों का सत्यापन सहारा इंडिया कंपनी द्वारा कराया गया। पूर्व में कंपनी के कुल 1 हजार 772 निवेशकों को 2 करोड़ 30 लाख रूपए का भुगतान तहसीलों के माध्यम से कराया जा चुका है। वर्तमान में लगभग 1000 और निवेशकों के आवेदन का सत्यापन कार्य पूर्ण हो चुका है, जिन्हें उनके निवेश की राशि का 25 प्रतिशत लगभग 1 करोड़ रूपए भुगतान हेतु संबंधित तहसीलदारों को चेक जारी किया जा रहा है।

# बच्चों के लिए जिज्ञासा कार्यक्रम, एक्सपोज़र विजिट से बढ़ा रहे नॉलेज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। जिला प्रशासन द्वारा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के लिए जिज्ञासा कार्यक्रम का आगाज आज हुआ। हर शनिवार को सैजेस के बच्चे एक्सपोज़र विजिट के लिए जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण लैंडमार्क्स का और प्रशासनिक संस्थाओं का अवलोकन करेंगे। आज इसकी शुरुआत सैजेस बालाजी नगर, सेक्टर 6 और खम्हरिया स्कूल के बच्चों से हुई। सैजेस स्कूल बालाजी नगर के बच्चे छावनी और कोतवाली थाना पहुंचे। सेक्टर 6 के बच्चे मैत्री बाग पहुंचे।**



खमरिया स्कूल के बच्चे वाटर फिल्टर देखने पहुंचे। जिज्ञासा कार्यक्रम कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन पर चलाया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि बच्चे यह देखें कि प्रशासनिक संस्थाएं किस तरह से काम कर रही है इसके साथ ही जिले में किस तरह से विकास कार्य हो रहे हैं एक्सपोज़र विजिट के माध्यम से इनकी दृष्टि का विस्तार होगा, उनकी जिज्ञासा पूरी होगी। उनकी वैज्ञानिक चेतना भी विकसित होगी। साथ ही उनकी प्रशासन द्वारा दी जा रही सेवाओं को और प्रक्रिया को जानने समझने की जिज्ञासा बढ़ेगी।

कार्यक्रम का क्रियान्वयन नगर निगम भिलाई आयुक्त रोहित व्यास, सहायक कलेक्टर लक्ष्मण तिवारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल के मार्गदर्शन में हो रहा है। आज सैजेस बालाजी के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए विदा करते वक्त भिलाई महापौर नीरज पाल भी आए। पाल ने कहा कि आप लोगों को थाने देखने भेजा जा रहा है। पुलिस का काम लोगों को सुरक्षा प्रदान करना है और हम आपको यह दिखाना चाहते हैं कि पुलिस किस तरह तरह से लोगों का सहयोग करती है। छावनी थाने में श्रीमती मोनिका पांडे ने विस्तार से बच्चों को थाने की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। बच्चे मैत्री बाग भी पहुंचे। वहां उन्होंने काफी मनोरंजन किया। खमरिया के बच्चे फिल्टर प्लांट पहुंचे और उन्होंने देखा कि किस तरह से शुद्ध पानी हजारों की आबादी तक पहुंचाया जाता है। यहां पर पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा भी मौजूद थे। उन्होंने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों को कहा कि जितना ज्यादा घूमेंगे प्रशासनिक संस्थाओं का अवलोकन करेंगे। उतना ही ज्यादा आपकी दृष्टि का विस्तार होगा और समझ बढ़ेगी।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का किया जा रहा है आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर। जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय के खेल मैदान में दो दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का आयोजन किया रहा है, जिसमें जिले के समस्त विकासखण्डों से चयनित प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, आयोजन के प्रथम दिन भौंरा, बांटी, बिल्लस, पिठुल और संखली, कबड्डी, गिल्ली-डण्डा खेलों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. सहित अन्य अतिथियों ने मैदान में गिल्ली डण्डा खेलकर उपस्थित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।**



गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का बलरामपुर की नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुन्दरमणी मिंज ने किया, इस दौरान कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने संविधान दिवस की शपथ दिलाकर की। जिसके बाद कुसमी व वाड्रफनगर की महिला कबड्डी टीमों द्वारा कबड्डी का खेल खेला गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप पर छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है, जिससे विलुप्त हो चुके पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन से स्कूली बच्चों, युवाओं, महिलाओं समेत हर वर्ग के लोग बड़े उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। कलेक्टर श्री दयाराम ने कहा कि पारम्पिक खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर बहुत से खिलाड़ी विकासखण्ड स्तर पर चयनित होकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले रहें हैं, उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे और अपने गांव, अपने जिले तथा प्रदेश का नाम रौशन करेंगे।

### 02 दिवसीय आयोजन में लगभग 600 प्रतिभागी होंगे शामिल

जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन 26 एवं 27 नवम्बर तक स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम दिन संखली, बिल्लस, बांटी, पिठुल, कबड्डी, गिल्ली डण्डा, लंगड़ी दौड़ के लगभग 300 प्रतिभागी भाग लिये। 27 नवम्बर को खो-खो, रस्सा-कसी, पिट्ठुल, 100 मीटर दौड़, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भौरा, लंबीकूद पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अधिकारी बलरामपुर भरत कौशिक, जिला शिक्षा अधिकारी के.एल. महिलांगे, सहायक आयुक्त आदिवासी आर.के.शर्मा, जनपद पंचायत बलरामपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.के.जायसवाल, छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के जिला नोडल अधिकारी अभिषेक पाण्डेय, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित विभिन्न विकासखण्डों से आये प्रतिभागी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग की पहल

## निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।महिला चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग द्वारा डॉ. लीना दिवाकीर्ति के सानिध्य में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे महिलाओं ने नि:शुल्क उपचार कराकर लाभ उठाया।**

शिविर में डॉ. लीना दिवाकीर्ति जी द्वारा बहुमूल्य जानकारी दी गई कि कैसे हम छोटी-छोटी बातों का ध्यान रख अपने दांतो की उम्र बढ़ा सकते है। जैसे कि नॉर्मल दांतो के लिये सॉफ्ट ब्रश एवं ज्यादा घिसे हुए दांतो के लिये अल्ट्रा सॉफ्ट ब्रश उपयोग में लाना चाहिए । टूथपेस्ट का उपयोग ज्यादा मात्रा में ना करते हुए थोड़ी मात्रा में ही करना चाहिए। शिविर में अध्यक्ष मधु अरोरा जी ने समस्त महिला विंग की ओर से चिकित्सीय सेवा प्रदान कर रहे दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. लीना दिवाकीर्ति के सेवा कार्य की सराहना करते हुये आभार व्यक्त किया शिविर में महिला चेम्बर अध्यक्ष मधु अरोरा, कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट, मीडिया प्रभारी इंदिरा जैन, उपाध्यक्ष नीलम दिवाकिर्ती, हेमल शाह, मंत्री स्वाति सोनी तथा शोभा गांधी एवं प्रीति मिश्रा सहित विभिन्न सदस्यगण उपस्थित रहे।

जिले के सभी निजी दंत चिकित्सक तंबाकू नशा मुक्ति की दिशा में करेंगे कार्य

# तम्बाकू, नशा मुक्ति के लिये दन्त चिकित्सकों का हुआ प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर। जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तम्बाकू एवं तंबाकू उत्पादों के उपयोग एवं उपभोग को हतोत्साहित करने एवं कोटपा एक्ट 2003 के प्रभावी अनुपालन हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। एवं समय - समय पर विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से जनसमुदाय को तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी प्रदान की जा रही है।**




इसी कड़ी में अब जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय दन्त चिकित्सकों, परामर्शदाताओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिये तंबाकू नशामुक्ति विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महारानी अस्पताल के गुण्डाधुर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में इंडियन डेन्टल एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष डॉ. सुपर्णा साव द्वारा तंबाकु नशा मुक्ति हेतु दंत चिकित्सकों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया: नशामुक्ति अचानक से होने वाली कोई एक घटना नहीं है बल्कि कई स्तर पर चलने वाली प्रक्रिया है जिसमें धैर्य की जरूरत होती है। ऐसे में नशामुक्ति की दिशा में कार्य करने वाले सभी कर्मियों की भूमिका बढ़ जाती है।

तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के साइकोलाजिस्ट उमा शंकर साहू द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में की जा रही गतिविधियों से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया: शराब न केवल सेहत को नुकसान पहुंचाती है बल्कि नशा करने वाले व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालती है और अंत में इसका असर समाज पर पड़ता है।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ0 ऋषभ साव द्वारा कार्यक्रम के विषय में बताते हुये जिले के समस्त निजी दन्त चिकित्सकों द्वारा उनके पास आने वाले मरीजों को तंबाकू नशा मुक्ति की सेवाएं उपलब्ध कराने एवं आवश्यक होने पर महारानी अस्पताल के तंबाकू नशा मुक्ति केन्द्र में रेफर करने तथा जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में दन्त चिकित्सकों के माध्यम से तंबाकू नशा मुक्ति केन्द्र का संचालन किये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया।

संभागीय सलाहकार प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा कोटपा एक्ट 2003 तथा धुम्रपान एवं तंबाकू मुक्त नीतियों के विषय में विस्तार से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा समूह चर्चा के माध्यम से तम्बाकू नशा मुक्ति के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल की दन्त चिकित्सक डॉ. अष्लेशा तिवारी द्वारा तंबाकू का परिचय, तंबाकू के हानिकारक प्रभाव, ई सिगरेट के दुष्परिणाम से सभी को अवगत कराया गया। वहीं महारानी अस्पताल के तंबाकू नशा मुक्ति केन्द्र की प्रभारी दन्त चिकित्सक डॉ. सरिता मौर्य द्वारा तंबाकू नशा मुक्ति केन्द्र एवं दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ.सुपर्णा साव द्वारा तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों का उपयोग नहीं करने शपथ दिलवाई गयी।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल छुईखदान में बाल मेले का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**खैरागढ़।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल छुईखदान परिसर में आज स्कूल प्रबंधन द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेला के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चो द्वारा करीब 50 स्टॉल लगाया गया था जिसमे बच्चे अपनी पाककला का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न तरह के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध करा रहे थे, अतिथियों ने पूर्ण स्टॉल का निरीक्षण करते हुए बच्चों की इस कला का हौसला अफजाई किया व बच्चों के बनाए गए व्यंजनों का लुत्फ उठाया , और आने वाले उज्वल भविष्य की कामना की।

विधायक श्रीमती यशोदा नीलाम्बर वर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में बच्चों को शिक्षा का महत्तव बताते हुए इस पर प्रकाश डाला गया कि किसी भी विषम परिस्थिति में विद्या को आपसे कोई नहीं छीन सकता और आपकी भविष्य की बुलंदियों को छूने में इस का अपना विशेष महत्तव है द्य कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती पार्तिका संजय महोविया जी द्वारा बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ साथ स्वामी आत्मानंद स्कूल में नगर पंचायत छुईखदान द्वारा कराएँ गए विकास कार्यों की जानकारी दी गई और भविष्य में बच्चों के विकास के लिए और स्कूल प्रबंधन के



लिए पूरा सहयोग करने की बात कही। मा कलेक्टर डॉ जगदीश सोनकर ने आज संविधान दिवस के उपलक्ष्य में मंच से सभी को संविधान की शपथ दिलाई और बच्चो को बाबा साहब के महत्ता के बारे में बताया, संविधान और उसका जीवन में तथा भविष्य में क्या योगदान है इसके बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताकर, विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना के साथ कलेक्टर ने अपना उद्बोधन समाप्त किया द्य कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कलेक्टर डॉ जगदीश थे जो बच्चों के बीच में पूर्ण रूप से घुल मिल गए थे तथा विद्यार्थी अपने बीच जिले के कलेक्टर को पाकर फूले न समाते हुए उस क्षण को सेल्फी व् फोटो के साथ में समेटने में लगे हुए थे।

# धान खरीदी कार्य में लाएं तेजी - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि धान की खरीदी लगातार होनी चाहिए। किसानों को किसी भी तरह की दिक्क न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि धान तौलाई की अच्छी तरह मानिटरिंग करें। किसी भी धान उपार्जन केन्द्र में जाम की स्थिति नहीं होना चाहिए। इसके लिए लगातार समानांतर धान का उठाव भी जारी रखें। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी तक धान खरीदी का कार्य चलेगा। इसके लिए सभी अधिकारी व्यवस्था बनाते हुए युद्ध स्तर पर कार्य करें।

अब तक 30 प्रतिशत किसानों ने धान की बिक्री की है। धान खरीदी के कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सक्रियतापूर्वक एवं तत्परतापूर्वक कार्य करें तथा समन्वय रखें। धान खरीदी के लिए आरईओ एवं पटवारी को कार्य पर लगाएं तथा ग्राम में पहले से ही मुनादी कराएं। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय सीमा से जुड़े होने के कारण कोचिया एवं बिचौलिए यहां अवैध धान खपाने की आशंका बनी रहती है। सभी एसडीएम बार्डर में लगातार मानिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के मद्देनजर सभी आवेदनों का विभागवार, विकासखंडवार, विषयवार फाईल बनाएं एवं एण्ट्री करें।





















## खास खबर

### लाखों रूपए की शराब का जखीरा पकड़ाया, दो आरोपी गिरफ्तार

**बस्तर।** पुलिस ने लग्जरी गाड़ियों में लाखों रूपए की शराब के साथ 5 तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान विष्णु सिंह (32) और दिलीप कटरे (35) के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की इसी सूचना पर भानपुरी चेक पोस्ट में चेकिंग के दौरान आरोपियों से 1240 शराब की सील पैक बोतल बरामद की। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वो मध्य प्रदेश से शराब की खेप लेकर बस्तर आ रहे थे. पुलिस ने भादवि की धारा के तहत मामला दर्ज करके आगे की कार्रवाई की है।

### महिला ने बिना काम घर आने से मना किया तो युवक ने चाकू से किया हमला

**बिलासपुर (ए)।** महिला ने युवक को बिना काम के बार-बार घर आने से मना किया। इससे नाराज युवक ने पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमला करने के बाद युवक फरार हो गया। कुछ ही देर बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के तिफरा के यदुनंदन नगर के रहने वाली साइबरा खतून पति मजहर(50) मजदूरी करती हैं। शनिवार की दोपहर 1.30 बजे वे अपने घर पर थीं। इस बीच तालापारा के रहने वाले छोटे उर्फ मोहम्मद अली(32) बैग लेकर महिला के घर के अंदर घुस गया और उसकी बेटी के बारे में पूछने लगा। महिला ने बिना काम के बार-बार घर आने से मना किया। इस बात पर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। गुस्से में आकर छोटे उर्फ मोहम्मद अली ने अपने बैग से चाकू निकाला और महिला पर वार करने लगा। महिला ने अपने हाथ से बचाव का प्रयास किया। इससे हाथ में गंभीर चोट लगी है। इसके बाद महिला चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर पड़ोसी बाहर निकले। तब तक युवक वहां से फरार हो गया था। आसपास के लोगों ने सिरगिट्टी पुलिस और डायल 112 को सूचना दी। पुलिस की टीम जांच करने घटना स्थल पहुंची। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के एक घंटे बाद पुलिस की टीम आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया।

### शराब माफियाओं पर कार्रवाई: 5200 किलोग्राम लहान एवं 290 लीटर महुआ शराब बरामद

**जांजगीर-चाम्पा (ए)।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल व सहायक आयुक्त आबकारी दिनकर वासनिक द्वारा गठित विशेष संयुक्त दल द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। इस विशेष टीम में विशेष टीम में आबकारी विभाग के 04 अधिकारी, प्रधान आरक्षक 02 व पुलिस विभाग से निरीक्षक 02, उप निरीक्षक 01 सहायक उपनिरीक्षक 01, आरक्षक 13, महिला आरक्षक 05 शामिल है।

आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध शराब बिक्री करने वालों पर रोकथाम लगाने एवं कार्यवाही हेतु विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें आबकारी विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छापामार कर कड़ी कार्रवाई की गई। दल द्वारा कुल 5200 किलोग्राम लहान बरामद कर उसे मौके पर उपयुक्त तरिके से नष्टीकरण किया गया। इसके साथ ही घटनास्थल से 290 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत् 02 आरोपियों के विरूद्धकार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। अवैध शराब बिक्री करने वालों पर रोकथाम लगाने एवं कार्यवाही हेतु आज विशेष टीम का गठन कर थाना अकलतरा क्षेत्र के ग्राम कोटमीसोनार सबरिया डेरा से दो अलग-अलग स्थानो से 25ली. महुआ शराब व 3200kg महुआ लाहन तथा 45ली. महुआ शराब व 2000kg महुआ लाहन बरामद कर छ.ग. आबकारी अधिनियम की 34(2) 34(1)च के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

पुलिस कर्मी पर दहेज प्रताड़ना का आरोप

# पत्नी ने पुलिस को बताया नक्सलियों से मरवाने की धमकी देता है पति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ पुलिस में पदस्थ सहायक आरक्षक पर उसकी पत्नी ने दहेज प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति पुलिस विभाग में है और हमेशा नक्सलियों से मरवाने की धमकी देता है। यही नहीं शादी के बाद से ही दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता रहा है। हाल ही में महिला ने एक बच्चे को भी जन्म दिया लेकिन इसके बाद भी पति के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया। शिकायत की जांच के बाद महिला थाना पुलिस ने सहायक आरक्षक छबिलाल कचलामे, पिला बाई कचलामे, व जेठ बंशीलाल कचलामे के खिलाफ 34, 498 ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है।



महिला थाना से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया लक्ष्मी कचलामे 10 अप्रेल 2022 से हथखोज में रह रही है। पीडिता ने अपने पति छबिलाल कचलामे, पिला बाई कचलामे, व जेठ बंशीलाल कचलामे पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। लक्ष्मी कचलामे ने अपनी शिकायत में बताया कि 29 जून 2020 को उसकी ग्राम एरकोड, मानपुर राजनांदगांव निवासी छबिलाल कचलामे हुई थी। उस समय हैसियत के हिसाब से उनके पिता ने सोने चांदी के जेवर व नगद 75000 रुपए दिया था।

शादी के कुछ दिनों बाद अगस्त 2020 में मानपुर के पुलिस क्वाटर में रहने लगे। यहां आने के बादद पति द्वारा लगातार दहेज के के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। सास व जेठ के बोलने पर लगातार मोटर साइकिल की मांग करने और मारपीट करने का आरोप लगाया। पीडिता ने इस बीच अपने मायके वालों को इसकी जानकारी दी जो उन लोगों ने भी समझाया लेकिन उसके पति को कुछ समझ नहीं आया। इस दौरान पति द्वारा दूसरों से संबंध होने के भी आरोप लगाए जाते रहे। पति की प्रताड़ना से तंग आकर महिला हथखोज में आकर रहने लगी।

### दो शादियां पहले भी कर चुका है आरक्षक

पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि आरक्षक के परिवार वालों ने एक झूठ और बोला था। छबिलाल की पहले भी दो शादियां हो चुकी हैं। इस मामले में बालोद कोर्ट में पहली व दूसरी पत्नी द्वारा लगाया केस अभी चल रहा है। इसकी जानकारी होने के बाद और पूछने पर उल्टा महिला से ही मारपीट की जाती रही है। पीडिता ने कहा कि पति आरक्षक है और लगातार मुझे धमकी देते हैं कि आए दिन नक्सलियों से सामना होता है नक्सलियों से बोलकर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी भी देता रहता है। पीडिता ने बताया कि 16 अक्टूबर को भी पति पहुंचा था शराब के नशे घर में आकर मारपीट भी की। पीडिता ने बताया कि उसका एक माह का बच्चा है और वह अपने पति के कारण काफी डरी सहमी रहती है। महिला की शिकायत के बाद महिला थाना पुलिस ने आरक्षक छबिलाल व उसकी मां व जेठ के खिलाफअपराध दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

## जुआरियों पर दुर्ग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पुलिस की रेड में पकड़ाए 12 जुआरी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने शनिवार को जुआरियों पर बड़ी कार्यवाही की है। अंडा पुलिस ने अलग-अलग जगह पर जुआ खेल रहे 12 लोगों को पकड़ा है। इनके पास से 53130 जब्त किया गया है। जुआरियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

अंडा थाना प्रभारी अंबिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि पकड़े गए जुआरियों में रन चिरई बालोद निवासी जगमोहन रात्रे, अंडा निवासी जन्म जय यादव, चंदखुरी दुर्ग निवासी गजेंद्र देशमुख, पुलगांव निवासी रवि साहू, अंडा निवासी अनिल कुमार, गुंडरदेही निवासी शशिकांत चंद्राकर, कुथरेल निवासी टिकेंद्र निर्मलकर, गुंडरदेही निवासी मिलन ठाकुर, अंडा निवासी राम कुमार ढीमर, गुंडरदेही निवासी मदन लाल साहू, अंडा निवासी हरीश कुमार तथा अंडा निवासी नैमिष कुमार ढीमर को गिरफ्तार किया गया है।

सरकारी स्कूल में खूनी संघर्ष

## आपस में भिड़े स्कूली छात्र, पत्थरबाजी में गंभीर चोट लगने से 4 पहुंचे अस्पताल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर से लगे राजिम में एक सरकारी स्कूल में छात्रों के दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। मामला इतना ज्यादा बढ़ा कि मारपीट के बाद घायल चार छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। यह दोनों गुट लोहरसी हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के थे जिनमें पहले से कोई विवाद चला आ रहा था। मारपीट में चार छात्रों गंभीर चोटें आई है। जिनका उपचार अस्पताल में चल रहा है। वहीं अन्य छात्र मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के उपरांत ही वारदात के कारणों का पता लग पाएगा।

### स्कूल पहुंची पुलिस

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लोहरसी हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों के बीच किसी बात को लेकर खूनी संघर्ष हुआ। दोनों गुटों में जमकर लात घूसे और पत्थरबाजी हुई है। दोनों तरफ से पथराव भी हुआ है। सूचना मिलते ही पाण्डुका थाना क्षेत्र की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने गांव पहुंच कर स्थिति को काबू किया। खूनी संघर्ष में 4 छात्र घायल हुए जिन्हे अस्पताल पहुंचाया गया। दो गुटों में मारपीट के बाद यहां अफरा-तफरी मच गई। घटना को लेकर पुलिस स्कूल प्राचार्य समेत अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है।



## कम रेट में सोना देकर की करोड़ों की ठगी, लोगों को धोखा देने खोल रखी थी ज्वेलरी की दुकान, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी की राजेन्द नगर पुलिस ने ठगी के ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है कि जिन्होंने कम दाम में सोना बेचकर एक करोड़ से ज्यादा की ठगी की। यह इतने शातिर हैं कि लोगों को धोखा देने के लिए ज्वेलरी की पूरी दुकान ही खोल रखी थी। लोगों को 23 कैरेट का बताकर कम कैरेट वाला सोना दिया और इस तरह से ठगी की। शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना का मास्टर माइंड फरार बताया जा रहा है।



राजेन्द्र नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अग्रोहा सोसायटी निवासी शिवकुमार अग्रवाल ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। लोगों को कम दाम में सोना देने और सोने के व्यापार में निवेश कर मोटा मुनाफ कमाने का झांसा दिया गया। इन लोगों ने एक ज्वेलरी दुकान भी खोल रखी थी जिसे देखकर लोगों को भी इन पर आसानी से भरोसा हो गया। आरोपियों ने इस तरह से लोगों को झांसा देकर एक करोड़ से भी ज्यादा की ठगी की।

मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी की और इस मामले में अंजली वर्मा उर्फ अंजली सोनी पति अनिल वर्मा (32) निवासी बलिया (यूपी), अखिलेश सिंह उर्फ भोला पिता स्व. विजय सिंह (22) निवासी बलिया (यूपी), जयकुमार नारा पिता स्व. रमेश कुमार नारा (40) निवासी बलिया (यूपी) को गिरफ्तार किया है। यह सभी रायपुर में रहकर ठगी का कारोबार कर रहे थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने 55 हजार रुपए नगद, 11 लाख 20 हजार के सोने के जेवर व 90 हजार रुपए के चांदी के जेवर जब्त किए हैं। पुलिस ने बताया कि इस पूरे खेल का मास्टर माइंड व दो अन्य आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

## दुर्ग में युवक पर धारदार हथियार से हमला 24 घंटे में पुलिस ने पकड़े 9 आरोपी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शहर के लुचकी पारा में युवक पर जानलेवा हमला करने वाले 9 आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। बताया जा रहा है इनके बीच पुराना विवाद चल रहा था और इसी वजह से सभी ने मिलकर युवक को धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने सभी आरोपियों पर धारा 307, 427, 34 के तहत कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार लुचकीपारा वार्ड नंबर 07 रहने वाले आकाश शर्मा पर शुक्रवार को जानलेवा हमला हुआ। इसी वार्ड के रहने वाले नरेश साहू, प्रवीण साहू, शंकर साहू, तुलेश साहू, अंकुश यादव, निखिल यादव, साहिल यादव, आशीष यादव व एक नाबालिग ने मारा था। इन युवकों ने पुरानी रंजिश में आकाश शर्मा पर हमला किया था। इससे उसे गंभीर चोट आई है और वह अस्पताल में भर्ती है।

घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। एक-एक कर पुलिस ने इस मामले में नरेश साहू, प्रवीण साहू, शंकर साहू, तुलेश साहू, अंकुश यादव, निखिल यादव, साहिल यादव, आशीष यादव एवं अपचारी बालक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई उप निरीक्षक देवादास भारती, प्र. आर. हरीशचंद, आरक्षक लव पाण्डेय आलउद्दीन एवं मिथलेश साहू का सराहनीय भूमिका रही।

## बीजापुर में पुलिस-नक्सली मुठभेड़, जवानों की फायरिंग में 6 नक्सली ढेर, चार के शव बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शनिवार सुबह हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 6 नक्सलियों के ढेर होने का दावा किया जा रहा है। पुलिस व नक्सलियों के बीच करीब 50 मिनट तक चली फायरिंग में जवानों ने 6 नक्सलियों को मार गिराया है। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगलों का सहारा लेकर भाग गए हैं। इसके बाद सर्चिंग में पुलिस ने चार शव बरामद कर लिए है। बीजापुर एसपी आंजनेय वैष्णव ने चार शव बरामद होने की पुष्टि की है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को बीजापुर के थाना मिरतुर क्षेत्र में ग्राम पोमरा और हल्लूर के आसपास डीवीसीएम मोहन कड़ती, डीवीसी सुमित्र, मटवाड़ा एलओएस रमेश एवं अन्य माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। इसके बाद डीआरजी, एसटीएफएवं सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी को रवाना किया गया। आज सुबह लगभग 7:30 से 7:45 बजे के मध्य पोमरा के जंगल में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का सहारा लेकर भाग गए।

वहीं मुठभेड़ बाद घटना स्थल से 4 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में दो पुरुष व दो महिला नक्सली शामिल है। जवानों ने मौके से 303 रायफल, 315 रायफल और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। फिलहाल जवान मारे गए नक्सलियों के शव लेकर कैंप की ओर रवाना हो गए हैं।

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### भगवत भक्ति के लिए उम्र का कोई बंधन नहीं - संत निरंजन महाराज

**दुर्ग।** राजीव नगर (शिव नगर) दुर्ग में श्रीमती पुष्पा रमाकांत सिन्हा, निलेश नीलम, सोनू पायल द्वारा आयोजित भागवत ज्ञानयज्ञ में पंडित निरंजन महराज ने धुव्र चरित्र, भरत एवं भक्त प्रहलाद के कथा संगीतमय सुमधुर वाणी से व्यक्त किये। श्रोताओं को भाव देते हुए बताये भक्ति के लिए उम्र का कोई बंधन नहीं होता। धुव्र, प्रहलाद पांच वर्ष की आयु में भगवत भक्ति को प्राप्त किये। उन्होंने कहा कि माता पिता के दिये संस्कार जीवन में अंत तक उपयोगी होता है। क्योंकि प्रथम सुख माता पिता है। सुनीति के संस्कार ध्रुव में, कयाधु के संस्कार गर्भ से प्रहलाद में विधमान हुआ। दो ही सम्पदा संसार में है जिसे दैवी संपदा एवं असुरी संपदा के नाम से जाना जाता है। प्रहलाद असुर कुल में जन्म लेकर दैवीय गुणों से पूरे परिवार के मुक्ति के मोर्चा में अग्रसर कर भगवान के चरणो में जोड़ दिया। ध्रुव परमात्मा के चरणो में पहुंचकर अल्प अवस्था में युग-युग के लिये अटल पद को प्राप्त कर लिये। उन्होंने कहा कि परहित में जीने वाला कभी मरता नहीं सदैव अमर होता है। हमें चाहिये जीवन में प्रभुकृपा एवं सदगुरु संत कृपा के अभिलाषी बन कर सदैव सतसंग की कामना करते हुए अपने कर्तव्य कर्मो का पालन करना। जीवन मुक्ति, आत्म कल्याण को प्राप्त कर सकते है। कथा प्रतिदिन दोनो प्रहर हो रहा हैं। प्रथम प्रहर 11 बजे से 1:30 बजे तक अपराह्न 3:30 बजे से सायंकल 5:30 तक भागवत अमृत कथा प्रवाहित हो रहा हैं। प्रति दिन श्रोताओं की संख्या में वृद्धि होते जा रहा हैं।

### सुरक्षा निधि के नाम पर वसूली के खिलाफ युवा मोर्चा ने घेरा बिजली ऑफिस

**दुर्ग।** लगातार विधुत मंडल के द्वारा आम जनता पर सुरक्षा निधि के नाम पर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है जिसके विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा पटरीपार मण्डल के द्वारा जवाहर नगर विधुत मण्डल के कार्यालय का घेराव किया गया। भाजयुमो के मण्डल अध्यक्ष कन्हैया देवांगन के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में प्रदर्शन किया गया। बिजली बिल के बढ़ी हुई प्रतियो को आग के हवाले कर अपना विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश के भूपेश सरकार के चुनावी जुमला में बिजली बिल हाफ के वादे को याद दिलाया गया। छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता से लगातार छलावा किया जा रहा है। इस प्रदर्शन में पूर्व महापौर चंद्रिका चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष लुकेश बघेल नितेश साहू, तेखन सिन्हा, सुनील अग्रवाल, देवनारायण, रत्नेश चन्द्राकर, कांशीराम कोसरे, दिलीप साहू, संदीप सुराना, प्रवीण सेन, जितेंद्र सिंह राजपूत, नीलेश सिन्हा, रूपेश यादव, आशीष पाण्डेय, मौसमी ताम्रकार, अंजू तिवारी, स्वरूप लाता पाण्डेय, करण निषाद सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक पहुंचे थे।

### सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार

**दुर्ग।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला (संविदा) विषय भौतिक, रसायन एवं जीवविज्ञान के पद पर नियुक्ति हेतु मेरिट के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में आमंत्रित किया गया है। साक्षात्कार 29 नवंबर 2022 को शासकीय आदर्श कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में प्रात: 10:30 बजे से प्रारंभ होगा। पात्र अभ्यार्थी साक्षात्कार स्थल पर प्रात: 09:30 बजे सभी वांछित मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें। विस्तृत जानकारी हेतु durg.gov.in वेबसाईट पर अवलोकन कर सकते हैं।

# डायरिया संक्रमण प्रबंधन पर निगम के आयुक्त रहें अलर्ट इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम को अपनाएं: कलेक्टर मीणा

## विशेषज्ञों से लिया जाएगा मार्गदर्शन, संक्रमण के ग्राफ को नगण्य करने के लिए युद्ध स्तर पर होता रहे कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा जिले के कुछ क्षेत्र में फैले डायरिया संक्रमण के प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए आपातकालीन बैठक निगम के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट कक्ष में रखी गई थी। जिसमें नगर निगम आयुक्तों और संबंधित अधिकारियों के साथ संक्रमण के कारण और निवारण को लेकर गहन चर्चा की गई।कलेक्टर ने संबंधित विभागों को इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम को अपनाने के लिए निर्देशित किया ताकि शीघ्र संक्रमण पर शिकंजा कसा जा सके व इसके ग्राफ को नगण्य किया जा सके।



उन्होंने कहा कि निगम के स्टॉफ पर उनकी पैनी नजर रहेगी तय किए गए दिशा-निर्देशों व प्रोटोकॉल के हिसाब से जो संबंधित अधिकारी कार्य नहीं करेंगें उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने निगम के अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए भी निर्देशित किया और स्थिति पर जल्द से जल्द काबू पाया जा सके इसके लिए विशेषज्ञों की सेवाएं लेने की बात भी कही। उन्होंने बैठक में चर्चा के दौरान सभी निगम के आयुक्तों को अलर्ट मोड पर रहने के लिए निर्देशित किया और ग्रीवेंस सिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए कहा ताकि एक मजबूत और बेहतर तंत्र स्थापित हो सके। इसके साथ साथ बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिस पर रोडमैप बना कर योजनाबद्ध तरीके से अग्रिम कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाना है।

### सामान्य व प्रभावित क्षेत्रों के विभिन्न पॉइंट से कलेक्ट किए जाएंगे वॉटर सैंपल और कराई जाएगी टेस्टिंग

कलेक्टर ने सामान्य व संक्रमण से प्रभावित क्षेत्र दोनों स्थलों के विभिन्न पॉइंट से वॉटर सैंपल कलेक्ट करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया ताकि टेस्टिंग के माध्यम से दूषित पानी के संबंध में जानकारी इकट्ठा की जा सके और शीघ्र से शीघ्र संक्रमित पानी वाली क्षेत्र का उचित प्रबंधन कर वहां के नागरिकों को स्वछ जल मुहैया कराया जा सके। कलेक्ट किए गए वाटर सैंपल की पीएचई व अन्य लैब में टेस्टिंग कराई जाएगी।ताकि पानी की गुणवत्ता का सही पता लगाया जा सके। इसके साथ साथ मौके पर भी पानी की जांच क्लोरीन टेस्ट किट के माध्यम की जाएगी ताकि ऑन द स्पॉट ही दूषित पानी वाले घरवालों को को सूचित किया जा सके और संक्रमण के प्रभाव से बचाया जा सके।

### पाइपलाइन जंक्शन और लीकेज पॉइंट पर सतत निगरानी

कलेक्टर ने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को वाटर सप्लाई करने वाले पाइप से जंक्शन और लीकेज पॉइंट पर लगातार निगरानी रखने के लिए कहा ताकि पानी के प्रदूषण के प्रभाव को कम किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट रूप से पाइप लाइन के लीकेज पॉइंट को शीघ्र से शीघ्र रिपेयरिंग करने के लिए निर्देशित किया।

### बिछाए गए पाइपलाइन के ब्लूप्रिंट का लिया जाएगा सहारा और सफाई के लिए तैयार होगा कैलेंडर

अधिकतर देखा गया है कि सफाई के दौरान नजर ना आने वाले पाइपलाइन और ओपन पाइपलाइन दोनों क्षतिग्रस्त हो जाते हैं, इसलिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को पाइपलाइन के ब्लूप्रिंट द्वारा सुपरवाइजर की उपस्थिति में सफाई के निर्देश दिए गए हैं ताकि पाइपलाइन कम से कम क्षतिग्रस्त हों। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र के 20 एवं बड़ी नालियों के आंकड़ें इक्ठा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए और नालियों के सफाई के लिए सुनियोजित कलैंडर बनाने की बात कही। जिसमें तय की गई तिथि के अनुरूप सफाई का कार्य किया जाए।

# दुग्ध उत्पादन इकाई के रूप में भी गोठान को विकसित करने का काम तेजी से

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप गौठानों को दुग्ध उत्पादन की इकाई के रूप में भी विकसित करने और इस माध्यम से गौठान की आय बढ़ाने तथा स्व सहायता समूह की आय बढ़ाने की दिशा में कार्य शुरू हो गया है। मोहलाई और चंदखुरी के पश्चात अब आज धमधा ब्लॉक के मोहंदी के गौठान में भी साहिवाल और गिर प्रजाति की गाय लाई गई है। गांव वालों ने गायों का स्वागत तिलक लगाकर पारंपरिक तरीके से किया।

उल्लेखनीय है कि गिर और साहिवाल प्रजाति की गाय हर दिन लगभग 15 लीटर दूध देती है और इसके माध्यम से बड़ी आय की संभावनाएं बनती है। मोहलाई और चंदखुरी में जहां गौठान में यह गाय दी गई है वहां हर दिन लगभग 15 सौ रुपए का दूध बेचा जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशाअनुरूप गौठान में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में गौठानों के लिए उच्च नस्ल की गाय मंगवाई जा रही है अभी 70 गौठानों में उच्च नस्ल की गाय चरणबद्ध रूप से आएंगी। मंशा यह है कि स्थानीय स्तर पर दूध की पर्याप्त उपलब्धता हो जाए जिससे पोषण का स्तर भी बढ़ेगा, साथ ही गौठान आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। स्व सहायता समूह की महिलाओं की आय बढ़ेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जनपद पंचायत के एडीईओ राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मोहंदी में जब उच्च नस्ल की गाय आई तब गांव में उत्सव का माहौल था।

लोगों ने पारंपरिक तरीके से पूजा कर इन गायों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि उच्च नस्ल की गाय बड़ी काफी मात्रा में दूध देती है जिसकी वजह से पर्याप्त आय की संभावनाएं बनती है जिससे अन्य गौठान में भी समूह की महिलाएं उच्च नस्ल की गायों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन का कार्य आरंभ करेंगी। जनपद पंचायत सीईओ प्रकाश मेश्राम ने बताया कि सभी गौठान में जहां उच्च नस्ल की गाय मंगवाई जा रही है वहां नेपियर जैसे चारे की पर्याप्त उपलब्धता है। इससे गौठान आर्थिक इकाई के रूप में और भी मजबूत होंगे तथा स्वावलंबन की दिशा में और भी अग्रसर होंगे।

# साईं महाविद्यालय भिलाई में भारतीय संविधान दिवस पर क्विज प्रतियोगिता व कार्यशाला का आयोजन





श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** साईं महाविद्यालय सेक्टर 6 भिलाई में भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर यूथ रेड क्रॉस कमिटी एवं आइक्यूएसी के द्वारा क्विज प्रतियोगिता एवं डेवलपमेंट ऑफ कॉन्स्टिट्यूशन एंड चैलेंज टू मॉडर्न इंडिया विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला का शुभारंभ सरस्वती पूजन तथा सरस्वती वंदना के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जिला न्यायालय की अधिवक्ता श्रीमती रश्मि खंडेलवाल का स्वागत महाविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. ममता सिंह के द्वारा किया गया।


एक दिवसीय इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के बारे में बताया तथा संविधान से संबंधित विभिन्न अनुसूचियों के बारे में भी बताया क्विज प्रतियोगिता का परिणाम भी इस अवसर पर घोषित किया गया जिसमें प्रथम स्थान खुशी यादव बीएससी प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान अतुल कुमार गुप्ता बीसीए तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान मोहन मिश्रा बीसीए प्रथम वर्ष का रहा।

संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूपा चक्रवर्ती सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रचना नेगी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक डॉ सोनल खंडेलवाल डॉ प्रतिभा गुमास्ता डॉ. दामिनी विश्वकर्मा, श्रीमती अर्पिता मुखर्जी, गार्गी शर्मा, प्रिया भट्टाचार्य तथा सरिता मैडम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# रिसाली में ठेकेदार कचरे से खाद बनाने के बजाय कर रहा था डंप, आयुक्त ने लगाया 1 लाख का जुर्माना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई/रिसाली।** बिना अनुमति अघोषित क्षेत्र को ट्रेंचिंग ग्राउंड की शक्ल देने वाले ठेकेदार के खिलाफ आयुक्त आशीष देवांगन ने कार्यवाही की है। मेसर्स पीवी रमन पर शनिवार को 1 लाख का जुर्माना किया किया गया। उक्त राशि देयक भुगतान से वसूली की जाएगी। आयुक्त सुबह मॉर्निंग विजिट पर निकले थे। नेवई तकनीकि विश्विद्यालय पहुँच मार्ग के निकट खाली जमीन की स्थिति को देख उन्होंने तत्काल ठेकेदार को तलब किया। उसे सवाल जवाब करते न केवल फटकार लगाया बल्कि मौके पर ही 1 लाख जुर्माना स्वरूप निगम के खाते में जमा करने निर्देश दिया।



**यह है मामला :** दरअसल ठेकेदार को घरों और बाजार क्षेत्र से निकलने वाले कचरे को एस एल आर एम सेंटर तक पहुँचाना है। गीला सूखा कचरा अलग कर खाद बनाना है, लेकिन ठेकेदार अनुबंध नियमो को नजर अंदाज कर कचरा को नेवई खाली जगह में डंप कर रहा था। मेसर्स पीवी रमन ने कचरा डंप करने किसी तरह की निगम से अनुमति भी नही ली है।

**लोगों ने की शिकायत :** मौके पर पहुँचे आयुक्त से नागरिकों ने शिकायत भी की। नागरिकों का कहना था कि ठेकेदार ने खाली जगह को ट्रेंचिंग ग्राउंड की शक्ल दे रहा है। आयुक्त ने इस शिकायत को गंभीरता से लिया। दरअसल उक्त स्थान पर कुछ वर्ष पूर्व अवैध उत्खनन हुआ है। इस वजह से गहरे गड्ढे है। इसी का फायदा ठेकेदार उठा रहा था।

# शालिनी रिवेंद्र यादव ने स्कूलों में बच्चों के लिए साउंड सिस्टम उपलब्ध करवाई

**दुर्ग।** भारत के 73 वें संविधान दिवस के अवसर पर दुर्ग मुख्यालय से लगे ग्राम खुरसुल ,गनियारी ,नगपुरा के शासकीय प्रोन्नत प्राथमिक शालाओ में जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव की अनुशंसा पर 15 वें वित्त की मद से साउंड सिस्टम उपलब्ध करवाया गया है। बता दे कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास व बुनियादी जरूरतों की पूर्ति के लिए ग्राम पंचायत ,जनपद पंचायत और जिला पंचायत के लिए 15 वें वित्त की राशि अलग अलग अनुपात में वर्षवार उपलब्ध करवाया जाता है जिसके तहत कार्ययोजना तैयार कर कार्यो को पूरा किया जाता है जिसमे स्वास्थ्य शिक्षा ,पेयजल ,स्वच्छता सहित अधोसरंचना मद में भी कार्य किया जाना सुनिशित रहता है।इसी तारतम्य में अध्यक्ष शालिनी यादव ने अपनी स्वीकृत राशि से विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में छोटे छोटे बच्चों के अभिरुचि बढ़ाने साउंड सिस्टम प्रदाय किया गया है। अतिथियों का सम्मान स्कूली छात्रों ने छत्तीसगढ़ की राज गीत गाकर किया गया।

# आचार्य विशुद्ध सागर महाराज, आचार्य पवित्र सागर महाराज का ससंग महामिलन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नेहरू नगर में परम पूज्य आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी के सानिध्य में उनके अमृत वचनों द्वारा याग मंडल विधान पूजन के पश्चात नेहरू नगर मंदिर जी में शिखर के ऊपर पहले से प्रतिष्ठित 24 तीर्थंकर भगवान के मंदिर के शिखर के ऊपर 24 कलसारोहन कलश के साथ श्री पार्श्वनाथ भगवान की 4 प्रतिमाएं के पुण्य अर्जक ने मार्बल के कमल फूल के ऊपर प्रदीप जैन बाकलीवाल, मनीष जैन डॉक्टर उज्जवल पाटनी एनके नाईक संदीप सुधीर नाइक नायक परिवार ने प्रतिष्ठाचार्य एवं आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी को नमोस्तु करते हुए आचार्य श्री के अमृत वचनों में मंत्रोचार के साथ स्थापित की गई। मंगल अभिषेक सभी भक्तों ने प्रतिमा पर किए . परम पूज्य आचार्य श्री को प्रवचन के पश्चात वास्तु शास्त्र जिनवाणी सुरेंद्र गोदा परिवार के साथ प्रदीप जैन बाकलीवाल प्रशांत जैन ने अर्पण किया।



तत्पश्चात आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी का सत्संग दोपहर में नेहरू नगर से रूआबांधा दिगंबर जैन मंदिर में मंगल विहार के समय परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी सत्संग का एवं आचार्य श्री पवित्र सागर महाराज जी का सत्संग महामिलन रूआबांधा मंदिर के पास हुआ संपूर्ण भिलाई दुर्ग जैन समाज को यह अनमोल दृश्य देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । आज आचार्य श्री का नेहरू नगर से मोहनलाल बाकलीवाल ब्रिज के पास कासलीवाल निवास , पश्चात सेक्टर 7 चौक पर, रूआबांधा जैन समाज के द्वारा भव्य अगवानी की गई जिसमें गाजे-बाजे के साथ छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार मंगल विहार यात्रा में आगे की ओर चल रहे थे और जैन मंदिर के युवा जैन ध्वज ध्वज लेकर अहिंसा परमो धर्म की जय कारा के साथ आचार्य की जयकारा के साथ सैकड़ों भक्त अगवानी कर रहे थे। सेक्टर 8 चौक पर राजेश सुपर बाजार सेक्टर 10 मार्केट में राजीव जैन के मार्केट से होते हुए आज रूआबांधा जैन मंदिर में रैंप के ऊपर आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी एवं पवित्र सागर महाराज जी के पाद प्रक्षालन रूआबांधा मंदिर समिति के ब्रह्मचारी भैया महेंद्र बाकलीवाल अंकित भैया भूपेंद्र जैन अजीत जैन राजीव जैनको राजेश सुपर बाजार ,प्रदीप जैन बाकलीवाल, राजेश जैन ,सुधीर जैन राहुल जैन, संजीव जैन अनिल जैन प्रशांत जैन, भागचंद जैन ,सुनील जैन रूआबांधा जैन समाज राजनांदगांव जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झंझरी पप्पू भैया एवं महिलाओं एवं पुरुष वर्ग आचार्य श्री का अगवानी करते मंदिर जी के मंगल दर्शन किए। आचार्यश्री पवित्र सागर जी ने सभी को संबोधित करते हुए धर्म अप्राप्ति के हेतुओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व में साधुसंत अनेक स्थानों पर नहीं पहुंच पाते थे क्योंकि साधुसंतों की संख्या में न्यूनता थी, परंतु सम्प्रति काल में नगर नगर गली गली साधुओं का त्यागियों का भ्रमण होता रहता है। ऐसे में सामान्य व्यक्तियों को इन त्यागिओं का प्रयोग करना चाहिए अर्थात इनके उपदेशों का अनुसरण करना चाहिए। तत्पश्चात् आचार्य विशुद्ध सागरजी ने समाज को संबोधित करते हुए कि जब घूरे के दिन बदल सकते है तो पार्श्वनाथ स्वामी इतने विशाल मंदिर में क्यो विराजमान नहीं हो सकते। सबके दिन एक से नही होते सब दिन एक से नही होते। चेतन जिनबिम्ब और अचतेन जिनबिम्बों का आज महामिलन हुआ।

# एसआर हॉस्पीटल चिखली में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप 28 को

## हेल्थ जुड़ी सभी समस्याओं की होगी फ्री में जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई/दुर्ग। एसआर हॉस्पिटल (S.R.HOSPITAL) एंड रिसर्च सेंटर चिखली दुर्ग में दिनांक 28 नवंबर सोमवार को विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा।



शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, बर्न एण्ड प्लास्टीक सर्जन,जनरल सर्जन, प्लास्टिक सर्जन,जनरल मेडिसिन, फिजियोथैरेपिस्ट,दंत रोग विशेषज्ञ व अन्य विभाग के डॉक्टर O.P.D. मे नि:शुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे।

शिविर के बारे मे जानकारी देते हुए डाँ आरके दिवाकर ( रेडीयो लॉजिस्ट ) ने बताया कि शिविर में सोनोग्राफी (अल्ट्रासाउंड) कलर डॉपलर, डिजीटल एक्स-रे एवं मरीजों को चश्मे का फ्रेम नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा।

खून पेशाब जांच, सी.टी. स्कैन जांच एवं एम.आर.आई. जांच में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। 28 नवंबर को ओ.पी.डी. में पंजीकृत मरीजों के हाइड्रोशील, हर्निया, बवासीर, मोतियाबिंद, सिजेरियन डिलीवरी, नॉर्मल डिलीवरी,बच्चेदानी के ऑपरेशन नि:शुल्क किए जाएंगे। S.R.HOSPITAL अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एसपी केसरवानी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ लेवे एवं जनहित में ज्यादा से ज्यादा लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की जानकारी प्रदान करें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950